खबर संक्षेप

नगर निगम परिसर में सामूहिक विवाह का आयोजन 20 नवम्बर को

कटनी। मुख्यमंत्री कन्या विवाह, निकाह योजना के तहत नगर पालिक निगम, कटनी द्वारा सामूहिक विवाह का भव्य आयोजन 20 नवम्बर 2026 को नगर निगम परिसर में किया जाना निर्धारित है। महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी, निगम अध्यक्ष मनीष पाठक एवं निगमायुक्त सुश्री तपस्या परिहार ने निगम क्षेत्र के पात्र हितग्राहियों से निर्धारित तिथि तक आवेदन जमा कर योजना का लाभ उठाने की अपील की है। योजना प्रभारी, नगर निगम कटनी ने बताया कि योजना अंतर्गत पात्रता हेतु कन्या तथा कन्या के अभिभावक का गरीबी रेखा के नीचे जीवन निर्वाह करना तथा उनका बीपीएल पोर्टल पर सत्यापन होना अनिवार्य है। उन्होंने बताया कि योजना का लाभ लेने हेतु इच्छुक हितग्राही नगर निगम कार्यालय की योजना शाखा से निर्धारित प्रपत्र प्राप्त कर आवश्यक दस्तावेजों सहित 05 नवंबर 2026 तक अनिवार्य रूप से आवेदन जमा करें। विवाह हेतु वर-वधु का मध्यप्रदेश का मूल निवासी होना अनिवार्य है। वधु की आयु 18 वर्ष एवं वर की आयु 21 वर्ष से कम नहीं होनी चाहिए। आवेदन के साथ वर-वधु के आयु संबंधी प्रमाण पत्र, दोनों की समग्र आई.डी., समग्र आई.डी. में आधार नंबर E-kyc, वधु का राष्ट्रीयकृत बैंक में खाता, वर-वधु की संयुक्त फोटो, राशन कार्ड, मोबाइल नंबर एवं निगम क्षेत्र का निवासी होना अनिवार्य है।

महाविद्यालय में विभिन्न गतिविधियां आयोजित



बड़वारा। शासकीय महाविद्यालय बड़वारा में ₹सेवा संकल्प अभियान के तहत तिथिवार गतिविधियों का आयोजन किया गया। मेरे सपनों का भारत,(सेवा चित्र), नमो सेवा , सेवा की कहानी, सेवा मेरा योगदान, तथा सेवा के रंग- राष्ट्र के संग(भारत मंडल) ह्यूमन रंगोली निर्माण का आयोजन किया गया। कार्यक्रम को सफल संचालन महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. लवकुश सिंह के निर्देशन में डॉ. रामनरेश वर्मा एवं सुशील चंद्र दुबे के द्वारा किया गया। महाविद्यालय के समस्त स्टाफ एवं छात्रा छात्राओं का विशेष योगदान रहा।

जिले को मिलेगी 540 मीट्रिक टन यूरिया

कटनी। उर्वरकों की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए कलेक्टर के सार्थक प्रयासों की वजह से झुकेही रैक पॉइंट पर नीम कोटेड यूरिया की एक रैक आ गई है। इससे जिले को 540 मीट्रिक टन यूरिया मिलेगी। जिला विपणन अधिकारी आनंद नारायण पाण्डेय ने बताया कि स्लीमनाबाद और बरही डबल लॉक केन्द्र को 60-60 मीट्रिक टन यूरिया और बहोरीबंद डबल लॉक केन्द को 90 मीट्रिक टन यूरिया आवंटित की गई है। वहीं जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक कटनी को 90 मीट्रिक टन तथा एमपी एग्रो कटनी को 30 मीट्रिक टन यूरिया आवंटित की गई है।

कलचुरीकाल से जुड़ी लोककथा, पीढ़ियों से कायम है श्रद्धालुओं की आस्था

एक ही रात में बना था बड़ी माई का मंदिर

हरिभूमि न्यूज ⏭ उमरियापान

नगर स्थित बड़ी माई मंदिर आस्था और विश्वास का प्रमुख केंद्र है। लोकमान्यता है कि कलचुरी राजाओं के शासनकाल में मंदिर का निर्माण दैवीय शक्ति से एक ही रात में हुआ था। सुबह लोगों ने यहां विशाल मंदिर देखा, लेकिन इसके निर्माण की प्रक्रिया किसी ने नहीं देखी। पीढ़ियों से चली आ रही इस मान्यता ने मंदिर को विशिष्ट धार्मिक पहचान दी है। मंदिर परिसर में प्राचीन पत्थर और शिलालेख भी मौजूद हैं।

बुजुर्गों के अनुसार पहले मंदिर के आसपास घनी झाड़ियां थीं। जंगली जानवरों की मौजूदगी के चलते श्रद्धालुओं को यहां पहुंचने में कठिनाई होती थी। समय के साथ भक्तों ने मंदिर का विस्तार कराया और आज यह क्षेत्र के प्रमुख आस्था स्थलों में शामिल है। बड़ी माई मंदिर से क्षेत्रवासियों की गहरी आस्था जुड़ी है। मान्यता है कि किसी भी शुभ कार्य से पहले मातारानी को निमंत्रण दिया जाता है। श्रद्धालुओं का विश्वास है कि सच्चे मन से मांगी गई मुराद माता के दरबार में पूरी होती है। यही वजह है कि वर्षभर यहां भक्तों का आगमन बना रहता है।

नवरात्र में दर्शनार्थियों की संख्या बढ़ जाती है। चैत्र और शारदेय नवरात्र में मंदिर में जवारे बोए जाते हैं। नौ दिनों तक पूजा-





अर्चना और धार्मिक अनुष्ठानों का क्रम चलता है। अष्टमी सहित विभिन्न तिथियों पर श्रद्धालु दंड भराई, कन्या भोज और अन्य धार्मिक आयोजन करते हैं। नवरात्र समापन पर गांव में पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ जवारों का विसर्जन किया जाता है। इन आयोजनों में आसपास के गांवों से भी श्रद्धालु पहुंचते हैं।

अनेक देवी-देवताओं के दर्शन

बड़ी माई मंदिर परिसर में मातारानी के साथ भगवान श्रीगणेश, श्रीराम-जानकी, राधा-कृष्ण, बद्री विशाल, लक्ष्मी-विष्णु, हनुमानजी, पार्वती-शिव, मां दुर्गा,नवग्रहों और भगवान विश्वकर्मा के मंदिर भी हैं। एक ही परिसर में अनेक देवी-देवताओं के दर्शन की सुविधा होने से यहां श्रद्धालुओं का नियमित आगमन बना रहता है।नवरात्र के पहले दिन से ही मंदिर में दर्शन-पूजन के लिए श्रद्धालु पहुंच रहे हैं। सुबह भक्त जल, पुष्प और प्रसाद अर्पित कर मातारानी की आराधना करते हैं, वहीं शाम की पूजा के दौरान भी भीड़ जुटती है। श्रद्धालु परिवार की सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना के साथ माता के दरबार में हाजिरी लगा रहे हैं।

मंदिरों और पंडालों में गूंज रहे जयकारे

शारदेय नवरात्र पर्व को लेकर उमरियापान नगर सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में उत्साह का माहौल है। नौ दिवसीय शक्ति आराधना पर्व के पहले दिन रविवार को नगर में दर्जनों स्थानों पर मां दुर्गा की प्रतिमाएं स्थापित की गईं। ग्रामीण क्षेत्रों में भी आकर्षक पंडाल सजाकर विधि-विधान से मातारानी की स्थापना की गई। मंदिरों और दुर्गा पंडालों में पूजा-अर्चना के साथ भक्तिमय आयोजन शुरू हो गए हैं। चहुंओर माता के जयकारे गूंज रहे हैं। नवरात्र को लेकर उमरियापान के प्रमुख देवी मंदिरों में विशेष तैयारियां की गई हैं। बड़ी माई मंदिर, चंडी माता मंदिर और खेरमाई मंदिर सहित अन्य देवी मंदिरों में आकर्षक साज-सज्जा की गई है। मंदिरों में विधि-विधान से घट स्थापना कर नौ दिनों तक चलने वाली शक्ति आराधना का शुभारंभ किया गया। नवरात्र के पहले दिन से ही देवी मंदिरों में श्रद्धालुओं के पहुंचने का सिलसिला शुरू हो गया है।

भक्त मातारानी के दर्शन-पूजन के साथ दुर्गा सप्तशती का पाठ और विशेष पूजा-अर्चना कर रहे हैं। सुबह और शाम की आरती के दौरान मंदिरों में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ रही है। वहीं, दुर्गा उत्सव समितियों द्वारा पंडालों को आकर्षक रूप दिया गया है, जहां श्रद्धालु पहुंचकर माता के दर्शन कर रहे हैं।नौ दिनों तक नगर सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में धार्मिक आयोजनों की धूम रहेगी। पूरे क्षेत्र में भक्ति, आस्था और उल्लास का वातावरण बना हुआ है।



आपदा मित्रों और स्वयंसेवकों को प्राथमिक चिकित्सा एवं राहत-बचाव का दिया प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

अंतर्राष्ट्रीय आपदा जोखिम न्यूनीकरण दिवस के अवसर पर आपदा प्रबंधन के प्रति जागरूकता बढ़ाने और आपातकालीन परिस्थितियों में राहत एवं बचाव कार्यों की दक्षता विकसित करने के उद्देश्य से मंगलवार को जागरूकता एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। मेरा युवा भारत (माय भारत), कटनी द्वारा कार्यालय जिला कमांडेंट, होमगार्ड एवं नागरिक सुरक्षा के सहयोग से आयोजित इस कार्यक्रम में आपदा मित्रों एवं नागरिक सुरक्षा स्वयंसेवकों ने सहभागिता की।

कार्यक्रम के दौरान स्वयंसेवकों को आपदा से निपटने की तैयारी, आपातकालीन प्रतिक्रिया, प्राथमिक चिकित्सा तथा विभिन्न प्रकार की गांठें बांधने की तकनीकों का व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया गया। इसके साथ ही राहत एवं बचाव कार्यों में उपयोग किए जाने वाले उपकरणों की जानकारी देकर उनके इस्तेमाल का प्रदर्शन किया गया।

कार्यक्रम का समापन मॉक ड्रिल के माध्यम से हुआ। इसमें आपदा की स्थिति में त्वरित प्रतिक्रिया, बचाव कार्यों के संचालन और आपातकालीन परिस्थितियों से निपटने की प्रक्रिया का प्रदर्शन किया गया। प्रशिक्षण का उद्देश्य स्वयंसेवकों को आपदा के समय प्रभावी ढंग से राहत एवं बचाव कार्य करने के लिए तैयार करना रहा।

कार्यक्रम का समन्वय जिला युवा अधिकारी अवलोकित कुमार ने जिला कमांडेंट होमगार्ड एवं नागरिक सुरक्षा श्री आर. एस. बघेल के सहयोग से किया। इसमें प्लाटून कमांडर विजियन चौधरी का भी योगदान रहा। श्री बघेल के तकनीकी मार्गदर्शन एवं संस्थागत सहयोग से प्रशिक्षण और प्रदर्शन संबंधी गतिविधियों का संचालन किया गया।

मुरवारी से पोड़ी तक सड़क निर्माण की मांग, सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ ढीमरखेड़ा

जनपद पंचायत ढीमरखेड़ा के क्षेत्र क्रमांक 22 मुरवारी की जनपद सदस्य एवं महिला बाल तथा स्वास्थ्य विभाग की सभापति श्रीमती ज्योति बृजभूषण बैरागी ने क्षेत्रवासियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए मुरवारी से पोड़ी तक प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत सड़क निर्माण की मांग की है। इस संबंध में उन्होंने सिलौड़ी में आयोजित जनसुनवाई के दौरान कलेक्टर को एक आवेदन पत्र सौंपा।

आवेदन पत्र में उल्लेख किया गया है कि ग्राम मुरवारी से पोड़ी की दूरी मात्र 4 किलोमीटर है। वर्तमान में मुरवारी से ढीमरखेड़ा होकर जाने वाले मार्ग की दूरी लगभग 15 किलोमीटर पड़ती है। इस कारण क्षेत्र के ग्रामीणों, राहगीरों और विद्यार्थियों को आवागमन में न केवल अधिक दूरी तय करनी पड़ती है, बल्कि उनके समय और पैसे का भी काफी अपव्यय होता है।

जनपद सदस्य श्रीमती ज्योति बृजभूषण बैरागी ने कलेक्टर से आग्रह किया है कि ग्रामीणों, विद्यार्थियों और राहगीरों की सहूलियत को देखते हुए मुरवारी से पोड़ी तक के इस 4 किलोमीटर के मार्ग को प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अंतर्गत स्वीकृत कर जल्द से जल्द सड़क का निर्माण करवाया जाए। ग्रामीणों का कहना है कि यदि यह सड़क बन जाती है तो ढीमरखेड़ा और आसपास के क्षेत्रों तक पहुँच बेहद आसान और सुगम हो जाएगी।

बाइकों की भिड़ंत में एक की मौत, पांच घायल

कटनी। रीठी थाना क्षेत्र के टहकारी गांव में मंगलवार दोपहर दो बाइकों की टक्कर हो गई। हादसे में एक युवक की मौके पर ही मौत हुई, पांच लोग गंभीर घायल हुए हैं। बाकल थाना क्षेत्र के सिहुड़ी गांव निवासी सुरेश लोधी (44) अपनी बेटी प्रिया लोधी के साथ इमलाज मंदिर दर्शन करने जा रहे थे। टहकारी मोड़ के पास सुरेश लोधी की बाइक दूसरी बाइक से टकराई। सुरेश लोधी की मौके पर ही मौत हो गई। उनकी बेटी प्रिया लोधी, राजेश बर्मन, पत्नी विमला बर्मन व 11 साल का बेटा प्रियांशु बर्मन गंभीर घायल हुए। सूचना पर डायल 112 टीम व स्थानीय लोग मौके पर पहुंचे। घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रीठी ले जाया गया। प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें जिला अस्पताल कटनी रेफर किया गया, इलाज जारी है।

ताला तोड़कर काउंटर से पार किये 5 हजार

कटनी। बड़वारा मुख्यालय स्थित सेंट्रल बैंक के कियोस्क सेवा केंद्र में बीती रात अज्ञात चोरों ने ताला-कुंडा तोड़कर काउंटर के लॉकर से 5000 नकद चुराए। घटना की जानकारी मंगलवार सुबह करीब 10 बजे कियोस्क संचालक गोविंद शर्मा को मिली। केंद्र पहुंचने पर उन्होंने मुख्य दरवाजे का ताला टूटा और काउंटर का लॉकर खुला पाया। उन्होंने तुरंत बड़वारा थाने में शिकायत दर्ज कराई। संचालक गोविंद शर्मा ने बताया कि चोरों ने पहले ताला तोड़ने की कोशिश की, फिर दरवाजे का पूरा कुंडा उखाड़ दिया। सबूत मिटाने के लिए उन्होंने सीसीटीवी कैमरों के तार भी काट दिए थे। बड़वारा थाना प्रभारी सुयेश पांडेय पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने घटनास्थल की जांच कर अज्ञात चोरों की तलाश शुरू की है। आसपास के सीसीटीवी फुटेज चेक कर संदिग्धों से पूछताछ जारी है।

जन सुनवाई में 174 लोगों ने बताई अपनी समस्याएं



कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में मंगलवार को आयोजित जनसुनवाई में कलेक्टर आशीष तिवारी ने जिले के दूर-दराज क्षेत्रों से पहुंचे 174 आवेदकों की समस्याएं गंभीरता एवं संवेदनशीलता के साथ सुनीं। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को प्रत्येक आवेदन का तथ्यात्मक परीक्षण कर नियमानुसार समय-सीमा में गुणवत्तापूर्ण एवं संतोषजनक निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। जनसुनवाई में जिले के विभिन्न क्षेत्रों से पहुंचे नागरिकों ने आवास, सामाजिक सुरक्षा पेंशन, संबल योजना, प्रसूति सहायता राशि, ऋण तथा भूमि आदि से संबंधित समस्याओं के आवेदन प्रस्तुत किए। कलेक्टर श्री तिवारी ने संबंधित अधिकारियों को आवेदन का परीक्षण कर नियमानुसार समय-सीमा में निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

नवरात्र पर मां शारदा एवं बंजारी माई मंदिर में श्रद्धालुओं की उमड़ रही भारी भीड़

हरिभूमि न्यूज ⏭ विजयराघवगढ़

धार्मिक ऐतिहासिक नगरी में शारदेय नवरात्रि पर्व के अवसर पर माता देवी के अद्वतीय दिव्य दर्शन हेतु एवं प्रातः कालीन प्रधान आरती मैं सम्मिलित होकर शक्ति स्वरूपा माता के दर्शनार्थ कोसों दूर से श्रद्धालु भक्तजन पहुंचकर माता की जयकारा लगते हैं। बता दे की विगत 200 वर्ष पूर्व ऐतिहासिक नगरी के राजा प्रयागराज द्वारा माताओ के मंदिर का निर्माण करा कर मैहर की भांति रामबाग अखाड़ा राम जानकी मंदिर प्राचीन बावली आदि का निर्माण कराया गया था।

मंदिर के वयो वृद्ध पुजारी जगदीश कुमार त्रिपाठी के निर्देशन में परिवार के सदस्यों द्वारा माता जी



का विधि विधान पूर्वक पूजन कर आरती संपन्न कराई जाती है। जहा श्रद्धालु भक्त जन अपनी उपस्थिति देकर पुण्य लाभ अर्जित करते हैं।

वही मां शारदा मंदिर से लगे झपावन नदी के तट पर विशालकाय बट वृक्ष के नीचे बंजारी माई का प्राचीन मंदिर स्थित है। जहां प्राचीन प्रथा के अनुसार कोसो दूर से माता को जल ढारने तथा अपनी अपनी मनौती पूर्ण करने बाहर से आए श्रद्धालु भक्त जन दस दिनों तक डेरा डालकर माता की आराधना में लीन रहते हैं। वहीं दोनों मंदिरों की मढिया में प्राचीन काल से जवारे रोपित करने की प्रथा को साकार करने में स्थानीय पण्डो का विशेष योगदान देखने को मिलता है जो लगातार दस दिनों तक माता के नाम पर व्रत रहकर हजारों रोपित जवारों की सेवा में लीन रहते हैंइसी तरह नगर के संकट मोचन मंदिर के पास प्राचीन खेरवाई की मढिया स्थित है जहां नगर की महिलाओं एवं पुरुषों द्वारा प्रातः से अपनी अपनी उपस्थिति देकर माता के प्राचीन प्रतिमा की नवदिवसीय विशेष पूजन अर्चन कर पुण्य लाभ अर्जित करते हैं

कलेक्टर ने नवरात्रि एवं दशहरा पर्व पर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम करने के दिये निर्देश

दुर्गा प्रतिमाओं के विसर्जन के लिए निर्धारित जलकुंडों का होगा उपयोग, डीजे पर प्रतिबंध

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

जिले में नवरात्रि, दशहरा, दीपावली, गुरूनानक जयंती एवं क्रिसमस पर्व को शांतिपूर्ण एवं सुरक्षित ढंग से संपन्न कराने के लिए जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक में जनप्रतिनिधियों एवं समिति के सदस्यों से प्राप्त सुझावों के आधार पर कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी आशीष तिवारी ने अधिकारियों को विस्तृत दिशा-निर्देश जारी किए हैं।

डीजे रहेगा प्रतिबंधित

जारी निर्देश के अनुसार नवरात्रि में स्थापित की जाने वाली दुर्गा प्रतिमाएं मिट्टी से निर्मित होनी चाहिए। पीओपी से बनी प्रतिमाओं की स्थापना प्रतिबंधित रहेगी। दुर्गा उत्सव एवं गरबा समितियों को संबंधित अनुविभागीय दंडाधिकारी, पुलिस अधिकारियों अथवा थाना प्रभारी से आवश्यक अनुमति लेना अनिवार्य होगा। पंडालों में विद्युत कनेक्शन, सीसीटीवी कैमरे और सुरक्षा संबंधी व्यवस्थाएं सुनिश्चित करनी होंगी। ध्वनि विस्तारक यंत्रों के उपयोग के लिए निर्धारित अनुमति लेना आवश्यक होगा। प्रतिमा विसर्जन एवं पंडालों में डीजे पूरी तरह प्रतिबंधित रहेगा। साउंड बॉक्स पर केवल भक्ति एवं धार्मिक गीत बजाए जा सकेंगे। प्रतिमाओं की स्थापना इस प्रकार करने के निर्देश दिए गए हैं कि यातायात बाधित न हो तथा हाईटेंशन लाइन और विद्युत खंभों के आसपास असुरक्षित तरीके से प्रतिमाएं स्थापित न की जाएं। चल समारोह में लाठी-डंडे एवं अस्त्र-शस्त्र का उपयोग भी प्रतिबंधित रहेगा।

19 अक्टूबर को कटनी नदी के मोहन घाट, गाटर घाट सहित नगर निगम द्वारा निर्मित जलकुंडों पर जवारा विसर्जन किया जाएगा। ग्रामीण क्षेत्रों में भी जनपद पंचायतों एवं नगर परिषदों के सहयोग से आवश्यकतानुसार जलकुंड बनाए जाएंगे, ताकि जवारा एवं प्रतिमाओं का विसर्जन सुरक्षित तरीके से हो सके। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि नदियों, तालाबों और नालों में सीधे जवारा विसर्जन नहीं किया जाएगा। शहरी क्षेत्र के कटाये घाट और अमीरगंज तालाब में अधिक जलभराव एवं दुर्घटना की आशंका को देखते हुए जवारा और प्रतिमा विसर्जन प्रतिबंधित रहेगा। संबंधित अधिकारियों को ऐसे संवेदनशील स्थानों पर प्रतिबंधात्मक आदेश जारी कर उनका पालन सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए गए हैं।

20 अक्टूबर को जिला मुख्यालय एवं ग्रामीण क्षेत्रों में दुर्गा प्रतिमाओं का विसर्जन महाआरती के बाद शाम 5 से 6 बजे के बीच निर्धारित मार्गों से शुरू होगा। परंपरा के अनुसार चल समारोह में सबसे पहले गोल बाजार रामलीला कमेटी के रावण महाराज, राम दरबार और दुर्गा प्रतिमा रहेंगी। इसके बाद पुलिस वाहन, घंटाघर रामलीला कमेटी का राम दरबार, हनुमानजी तथा अन्य दल एवं दुर्गा प्रतिमाएं शामिल होंगी।

इतिहास को संजोय हुए पुष्पावती नगरी बिलहरी का चंडी माता मंदिर

प्रजा की खुशहाली के लिए गर्म तेल में कूदते थे राजा, माता देती थी सोना

हरिभूमि न्यूज ⏭ स्लीमनाबाद

आदिशक्ति जगत जननी की आराधना का पावन पर्व शारदेय नवरात्र चल रहा है। श्रद्धालु अलग अलग ढंग से माता के प्रति अपनी आस्था प्रगट कर रहे है। जिला का एक ऐसा मंदिर जो अपनी कविंदतियो को लेकर जाना जाता है आज भी अपने रहस्य को संजोय हुए रखा है।

जिले की धरा मैं पुष्पावती नगरी नाम से प्रख्यात बिलहरी जो कभी राजा कर्ण की राजधानी हुआ करती थी।यहाँ पर विराजी है माँ चंडी जो प्रतिदिन राजा कर्ण को सवा मन सोना दिया करती थी।जिसे राजा उसे जरूरतमंदों को दान कर देते





थे।ऐसी कृपा बरसाने वाली मां के दर्शन पाने भीड़ उमड़ रही है। यहां के हरेक पत्थर पर नक्काशी व कलाकृतियां खुद व खुद अपने समग्र की सुंदरता का इतिहास उजागर कर रही है।इन्ही सब कलाकृतियों के बीच स्थित है माँ चण्डी का भव्य मंदिर।

मंदिर के पंडा रोहित प्रसाद माली ने बताया कि यहां राजा कर्ण राज्य करते थे और प्रतिदिन प्रजा को सोना दान करते थे।राजा कर्ण सूर्योदय से पूर्व स्नान करके चंडी देवी मंदिर जाते थे।इसके बाद विशाल कड़ाह मैं तेल उबलता था जिसमे राजा कर्ण कूद जाते थे।इसके बाद देवी उनपर अमृत छिड़कर जीवित करती थी और ढाई मन सोना प्रदान करती थी। देवी से प्राप्त सोना राजा रोज सुबह सवा मन सोना गरीबों को दान मैं दिया करते थे।ऐसे खुला सोने का रहस्य-राज कर्ण रोज गरीबो को सवा मन सोना दान करते थे लेकिन इतना सोना उनके पास आता कहा से है था इस रहस्य को जानने की हिमाकत किसी ने नही की फिर इस रहस्य का खुलासा राजा विक्रमादित्य ने किया था। वे एक बालक की खोज में बिलहरी आये हुए थे।विक्रमादित्य के राज्य मैं कोई बुढ़िया माई रहती थी जो रोज चक्की पीसते समय कभी रोती थी तो कभी हंसती थी।वेश बदलकर प्रजा का सुख दुख जानने जब रोज की तरह रात मैं विक्रमादित्य वहां से गुजरे तो माई से हँसने व रोने का कारण पूछा ।जिस पर बुढ़िया माई ने बताया कि उसका जवान बेटा 20 वर्षो से खोया हुआ है जिसके बाद में वो रो पड़ती है ओर कभी आएगा इसी आस मैं हंस पड़ती है।

राजा विक्रमादित्य ने फिर उस युवक की खोज मैं जुट गए।खोज के दौरान ही राजा विक्रमादित्य एक दिन तेल उबलता कड़ाह में कूद गए जहां से उन्हें मातारानी ने सवा मन सोना दिया।जिसके बाद सोना मिलने का रहस्य खुला।

11 हजार 800 रुपये का स्पॉट फाइन वसूला

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

नवरात्रि पर्व के दौरान श्रद्धालुओं एवं नागरिकों को सुगम, सुरक्षित और बाधारहित आवागमन उपलब्ध कराने के उद्देश्य से नगर निगम प्रशासन द्वारा बाजारों एवं प्रमुख मार्गों में व्यवस्थाएं दुरुस्त रखने के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। निगमायुक्त सुश्री तपस्या परिहार द्वारा विगत दिवस नगर के प्रमुख मार्गों एवं बाजार क्षेत्रों का पैदल भ्रमण कर आवागमन व्यवस्था का जायजा लिया गया था। इस दौरान व्यवसायियों से संवाद कर मार्गों को अतिक्रमण मुक्त रखने की अपील के साथ ही नागरिकों की सुविधा में बाधा उत्पन्न करने वाले अवरोधों को हटाने के निर्देश दिए गए थे।

निगमायुक्त के निर्देशों के परिपालन में अतिक्रमण अमले द्वारा सुभाष चौक, मिशन चौक, गांधी द्वार, झंडा बाजार एवं मुड़वारा रोड सहित प्रमुख बाजार क्षेत्रों में कार्रवाई की गई। बार बार समझाइश देने के बाद भी सड़क पर सामान रखकर व्यवसाय करने तथा नाली एवं फुटपाथ पर अतिक्रमण करने वाले दुकानदारों के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए कुल 11 हजार 800 रुपये का स्पॉट फाइन वसूला गया। साथ ही दुकानदारों को निर्धारित सीमा में ही व्यवसाय करने और सार्वजनिक मार्गों एवं फुटपाथों को अतिक्रमण मुक्त रखने की हिदायत दी गई।

भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों पर विशेष निगरानी

नवरात्रि के दौरान बाजारों एवं मंदिरों की ओर जाने वाले मार्गों पर श्रद्धालुओं की आवाजाही बढ़ने के मद्देनजर निगम प्रशासन द्वारा मार्गों को व्यवस्थित रखने, अतिक्रमण हटाने तथा आवागमन में बाधा उत्पन्न करने वाली गतिविधियों पर नियंत्रण के प्रयास किए जा रहे हैं। सड़क एवं फुटपाथ पर सामान फैलाने से पैदल चलने वालों को परेशानी होने के साथ यातायात बाधित होने की आशंका रहती है। इसे देखते हुए अतिक्रमण अमले को नियमित कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए हैं।

निगम प्रशासन ने दुकानदारों एवं व्यापारियों से अपील की है कि वे सार्वजनिक सड़कों, फुटपाथों और नालियों पर अतिक्रमण न करें तथा पर्व के दौरान नागरिकों एवं श्रद्धालुओं की सुविधा बनाए रखने में प्रशासन का सहयोग दें। नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई जारी रहेगी।

खबर संक्षेप

नगर निगम का सामान्य सम्मिलन आज, विभिन्न प्रस्तावों पर होगी चर्चा

कटनी। नगर पालिक निगम कटनी का सामान्य सम्मिलन आज 14 अक्टूबर को दोपहर 12 बजे निगम सभाकक्ष में आयोजित किया गया है। सम्मिलन की अध्यक्षता निगम अध्यक्ष श्री मनीष पाठक द्वारा की जायेगी द्वारा की जाएगी। बैठक में निर्धारित कार्यसूची के अनुसार नगर के विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा कर विचार एवं निर्णय लिए जाएंगे। निगम सचिव द्वारा जारी सम्मिलन की सूचना के अनुसार, परिषद के प्रश्नकाल में पार्षदों द्वारा पूछे गए प्रश्नों तथा महत्वपूर्ण पत्र व्यवहार की जानकारी सदन के समक्ष प्रस्तुत की जाएगी। इसके अतिरिक्त बैठक में विभिन्न प्रस्तावों विश्व पर्यावरण दिवस 2026 के अवसर पर ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम 2026 के प्रभावी क्रियान्वयन के संबंध में विचार-विमर्श कर निर्णय लिया जायेगा। साथ ही नगरीय निकाय कटनी अंतर्गत प्रस्तावित नगर सुधार न्यास की योजना क्रमांक 17 की अधिग्रहित की गई भूमि के संबंध में चर्चा एवं निर्णय प्रस्तावित है। वहीं प्रमोटर स्कीम के अंतर्गत कटनी रेलवे स्टेशन के पास विश्राम गृह क्रमांक 02 के स्थान पर वाणिज्यिक केन्द्र के संबंध में भी विचार-विमर्श किया जाएगा। अध्यक्ष महोदय की अनुमति से अन्य विषयों पर भी चर्चा की जा सकेगी। सम्मिलन की सूचना संबंधित जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों को निर्धारित समय से प्रेषित कर दी गई है।

नाली निर्माण में लापरवाही पर भुगतान रोकने के निर्देश



बरही। नगर परिषद बरही के वार्ड क्रमांक 8 में निर्माणाधीन नाली का आज मुख्य नगर पालिका अधिकारी एवं इंजीनियर द्वारा निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान मुख्य नगर पालिका अधिकारी ने ठेकेदार को स्पष्ट एवं सख्त निर्देश दिए कि नाली का निर्माण निर्धारित मापदंडों के अनुसार गुणवत्तापूर्ण तरीके से किया जाए। निर्माण कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही या गुणवत्ता से समझौता बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। यदि कार्य में लापरवाही पाई गई, तो भुगतान नहीं किया जाएगा। गौरतलब है कि वार्डवासियों एवं मीडिया के द्वारा लंबे समय से नाली निर्माण की गुणवत्ता को लेकर शिकायतें की जा रही थीं। इससे पहले भी निर्माण कार्य में गुणवत्ता संबंधी कमियां पाए जाने के बाद ठेकेदार को नोटिस जारी किया गया था। इसके बावजूद अब निर्माण कार्य की गुणवत्ता पर विशेष निगरानी रखी जा रही है। नगर परिषद अधिकारी का स्पष्ट संदेश है कि सरकारी राशि से होने वाले निर्माण कार्यों में गुणवत्ता से कोई समझौता नहीं होना चाहिए।जनता के पैसे से होने वाले विकास कार्य टिकाऊ और मानक के अनुरूप होने चाहिए, ताकि नागरिकों को बार-बार परेशानियों का सामना न करना पड़े।

रंग बिरंग परिधानों में स्कूल पहुंच रहे विद्यार्थी, जिम्मेदार नहीं दे रहे ध्यान

आधा शिक्षा सत्र बीता, अब तक विद्यार्थियों के खातों मे नहीं पहुंची गणवेश की राशि

हरिभूमि न्यूज ⏭ स्लीमनाबाद



शासकीय स्कूलों में कक्षा 1 से 8 वीं तक विद्यार्थियों को निःशुल्क गणवेश वितरित की जाती है। लेकिन गत वर्ष तो ठीक नए शिक्षा सत्र वर्ष 2026-27 में भी अभी तक बहोरीबंद विकासखण्ड मैं अध्ययनरत विद्यार्थियों को गणवेश की राशि खातों मे नहीं पहुंची। जिस कारण स्कूलो में रंग-बिरंगे परिधानों मैं विद्यार्थी आ रहे है।विद्यार्थियों को गणवेश की राशि न मिलने के कारण कुछ पुरानी गणवेश में पहुंच रहे हैं तो कुछ रंग, बिरंगे कपड़ों में स्कूल पहुंच रहे हैं। विद्यार्थी नई गणवेश के लिए राशि इंतजार कर रहे हैं, लेकिन यह कब मिलेगी इसका पता नहीं है।

इस साल खातों में आएगी राशि

गौरतलब है कि कुछ वर्षों पूर्व तक स्व-सहायता समूहों से गणवेश तैयार कराई जाती थी । समूहों से गणवेश तैयारकर स्कूलों मे विद्यार्थियों को वितरण की जाती थी!लेकिन इस वर्ष गणवेश की राशि सीधे विद्यार्थियों के खातों मे दी जानी थी लेकिन आधा शिक्षा सत्र बीत चुका है अभी तक विद्यार्थियों को गणवेश की राशि खातों मे नहीं पहुंची है।

पुरानी गणवेश में स्कूल आ रहे विद्यार्थी

बहोरीबन्द विकासखण्ड अंतर्गत 263 शासकीय प्राथमिक, माध्यमिक व एकीकृत शालाये है। जिनमे सत्र वर्ष 2026-27 में 17 हजार 507 विद्यार्थी अध्ययनरत है ।शिक्षा सत्र शुरू होते ही विद्यार्थियों को उम्मीद थी कि प्रवेशोत्सव के समय नई गणवेश मिल जाएगी लेकिन यहां तो नवीन शिक्षा सत्र के 5 माह हो चुके है अभी भी विद्यार्थी रंग बिरंगे परिधानों मैं ही स्कूल पहुँच रहे है।यहाँ तक आजादी के स्वतंत्रता पर्व मे भी स्कूलों मे पुरानी गणवेश या रंगे -बिरंगे परिधानो मे विद्यार्थी नजर आये।

सत्यापन का कार्य पूर्णता की ओर

जनपद शिक्षा केंद्र बहोरीबंद से मिली जानकारी के तहत विद्यार्थियों के खातों मे सही समय पर राशि पहुंचे। गलत खाता नंबर न हो ओर अन्य तरह के दस्तावेज पूरे रहें है जिसके लिए सत्यापन का कार्य भी शत प्रतिशत पूर्णता की ओर है!इसके वाबजूद अभी तक गणवेश राशि विद्यार्थियों के खातों मे नहीं पहुंची। इसके पीछे राज्य शिक्षा केंद्र के द्वारा पहले समूहों से गणवेश फिर विद्यार्थियों के खातों मे सीधे राशि भेजे जाने का प्रयोग समय लगने का कारण है। शिक्षा विभाग के अधिकारी भी स्पष्ट जानकारी नहीं दे पा रहें है कि आखिर कब तक राशि आयेगी।

इनका कहना है

विकासखण्ड स्त्रोत समन्वयक बहोरीबंद प्रशांत मिश्रा का कहना है कि इस बार शासन स्तर से जारी आदेश के तहत कक्षा पहली से आठवीं तक के विद्यार्थियों को गणवेश के लिए राशि सीधे खातों मैं आनी है। सत्यापन का कार्य लगभग पूर्णता कि ओर है। शासन स्तर से जो आदेश मिले है उनका पालन किया जा रहा है। संभावना जताई जा रही है कि जल्द ही गणवेश राशि विद्यार्थियों के खातों मे पहुंचेंगी।



महापौर ने सुनी लोगों की समस्याएं, लंबित प्रकरणों पर लिया फीडबैक

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

नागरिकों की समस्याओं को सीधे सुनने और उनके निराकरण की दिशा में प्रभावी पहल करने के उद्देश्य से मंगलवार को नगर निगम कार्यालय में महापौर जनसुनवाई आयोजित की गई। महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी ने जनसुनवाई में पहुंचे नागरिकों से सीधा संवाद कर उनकी समस्याओं एवं अपेक्षाओं को जाना। इस दौरान विभिन्न प्रकरणों पर संबंधित अधिकारियों से जानकारी लेते हुए नियमानुसार कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।

जनसुनवाई में शहर के विभिन्न क्षेत्रों से पहुंचे नागरिकों ने अपने वार्डों की समस्याओं, स्थानीय आवश्यकताओं और नगर निगम से संबंधित विषयों को महापौर के समक्ष प्रस्तुत किया। महापौर श्रीमती सूरी ने नागरिकों की बात गंभीरतापूर्वक सुनते हुए संबंधित अधिकारियों से प्रकरणों की वर्तमान स्थिति की जानकारी प्राप्त की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्रत्येक प्रकरण का परीक्षण कर नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई की जाए तथा नागरिकों को प्रक्रिया एवं कार्रवाई की स्थिति से अवगत कराया जाए।

गंभीरता से करें कार्यवाही

महापौर श्रीमती सूरी ने कहा कि नागरिकों की समस्याओं को सुनना और उनकी आवश्यकताओं के अनुरूप समाधान की दिशा में कार्य करना नगर निगम की प्राथमिकताओं में शामिल है। जनसुनवाई के माध्यम से प्राप्त शिकायतों एवं सुझावों से स्थानीय समस्याओं और मूलभूत सुविधाओं में सुधार की जरूरतों को समझने में मदद मिलती है। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को नागरिकों द्वारा प्रस्तुत प्रकरणों पर गंभीरता से लेते हुए नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

तेवरी में चल रहे रामलीला मंचन को देखने उमड़ रही भीड़

कैकई ने महाराज दशरथ से मांगे दो वरदान, वनवास पर निकले श्रीराम

हरिभूमि न्यूज ⏭ स्लीमनाबाद



शारदेय नवरात्र के पावन पर्व पर तेवरी में स्थानीय कृष्ण नाट्य रामलीला मंडली के द्वारा रामलीला का मंचन किया जा रहा है।रामलीला मंचन के पांचवे दिवस सोमवार को श्री राम वन गमन एवं चित्रकूट प्रवास की लीला का मंचन किया गया। श्रीराम विवाह के बाद अयोध्या में भारी उत्सव काफी दिनों तक मनाया गया। राजा दशरथ ने श्री राम के राजतिलक की घोषणा की, जिससे देवताओं में हलचल मच गई।

माता सरस्वती से सभी ने आग्रह किया कि इसकी कोई युक्ति सुझाएं। सरस्वती जी मंथरा के कंठ में विराजमान हो गईं। मंथरा जो कि कैकई की सबसे करीबी दासी थी, उसने कैकई को अपनी बातों से वशीभूत कर राजा दशरथ से देवासुर संग्राम के दौरान प्राप्त वरों को मांग लेने की बात पर उन्हें मना लिया। कैकई कोप भवन में जाकर बैठ गई, जबकि पूरे अयोध्या में मंगल गान गाया जा रहा था। रामराज अभिषेक की जोरों शोरों से तैयारियां जारी थी। राजा दशरथ को जब इस बात का पता चला कि कैकई कोप भवन में जा बैठी हैं तो उन्होंने नाराजगी का कारण जानना चाहा। तब कैकई ने राजा दशरथ से अपने दो वर मांग लिए।जिसमें पहला भरत को राज्य देकर उनका राजतिलक करना था वही दूसरा वर प्रभु श्री राम को 14 वर्ष के लिए वनवास भेजना था। हताश हुए दशरथ ने अपने वचनों का पालन करते हुए श्री राम को भारी मन से वन जाने की आज्ञा दी।

श्रीराम ने इसे स्वीकारते हुए माता कौशल्या से आज्ञा ली। इस दौरान सीता ने साथ जाने की जिद की तो वहीं लक्ष्मण भी साथ चले।आगे चलकर केवट ने भगवान श्रीराम-सीता व लक्ष्मण को नाव पर बैठाकर गंगा पार किया।श्रीराम व केवट के बीच चला प्रसंग दर्शकों को आनंदित कर दिया।

ये कर रहे शानदार अभिनय

श्रीराम वन गमन और चित्रकूट प्रवास के दौरान सुंदर अभिनय देखने को मिला। दशरथ की सशक्त भूमिका में भरत तिवारी दिखाई दिए। इसके साथ ही श्री राम की प्रमुख भूमिका में नरेंद्र दुबे सुशोभित हैं वही सीता की खूबसूरत भूमिका सौरभ दुबे अदा कर रहें है। लक्ष्मण का शानदार अभिनय ब्रजेश शुक्ला द्वारा निभाया जा रहा है। कैकई के मजबूत किरदार में कान्हा नामदेव ने सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। वहीं केवट का किरदार महादेव असाठी ने निभाकर सभी की वाहवाही बटोरी।मंगलवार को भगवान श्रीराम का पंचवटी आगमन,सूर्पनखा के साथ संवाद, मामा मारीच वध व सीता हरण की लीला का मंचन किया गया।

रोजगार एवं स्वरोजगार के अवसरों की दी जानकारी



विद्यार्थियों को उनकी रुचि, योग्यता एवं क्षमता के अनुरूप करियर के उचित विकल्पों की जानकारी देने तथा भविष्य के लिए सही शैक्षणिक एवं व्यावसायिक दिशा चुनने में मदद करने के लिए शासकीय महाविद्यालय ढीमरखेड़ा एवं शासकीय महाविद्यालय उमरियापान में जिला रोजगार कार्यालय कटनी द्वारा विद्यार्थियों के लिए करियर मार्गदर्शन कार्यक्रम आयोजित किए गए। दोनों महाविद्यालयों में आयोजित कार्यक्रमों में कुल 193 विद्यार्थियों ने सहभागिता कर करियर चयन और भविष्य की योजनाओं के संबंध में मार्गदर्शन प्राप्त किया। विषय विशेषज्ञों एवं मनोवैज्ञानिकों ने विद्यार्थियों को करियर चयन, व्यक्तित्व विकास, अपनी क्षमताओं की पहचान और भविष्य की योजनाओं से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियां दीं। विशेषज्ञों ने विद्यार्थियों को विभिन्न करियर विकल्पों से अवगत कराते हुए अपनी रुचि एवं योग्यता का आकलन करने, स्पष्ट लक्ष्य निर्धारित करने और सोच-समझकर भविष्य के लिए सही विकल्प चुनने के लिए प्रेरित किया। साथ ही रोजगार एवं स्वरोजगार के उपलब्ध अवसरों की जानकारी देकर विद्यार्थियों को अपने कौशल और क्षमताओं के अनुरूप आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित किया गया। शासकीय महाविद्यालय ढीमरखेड़ा में आयोजित करियर मार्गदर्शन कार्यक्रम में कुल 100 विद्यार्थियों ने सहभागिता की। इनमें 11 छात्र एवं 89 छात्राएं शामिल रहीं। वहीं, शासकीय महाविद्यालय उमरियापान में आयोजित कार्यक्रम में 93 विद्यार्थियों ने भाग लिया, जिनमें 15 छात्र एवं 78 छात्राएं शामिल थीं। दोनों महाविद्यालयों में कुल 193 विद्यार्थियों ने कार्यक्रम का लाभ उठाया।

एएसपी के नेतृत्व में पुलिस ने शहर भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्थाओं का लिया जायजा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



नवरात्रि पर्व के दौरान शहर में चाक-चौबंद सुरक्षा और शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा के निर्देशन में जिलेभर में निगरानी तेज कर दी गई है। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कमल मौर्य के नेतृत्व में पुलिस बल ने शहर के संवेदनशील और व्यस्त इलाकों में पैदल मार्च व मोबाइल पेट्रोलिंग कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया।

पुलिस टीम का पैदल मार्च मिशन चौक से शुरू हुआ, जो खेरमाई मंदिर, प्रमुख गरबा स्थलों, रामलीला मंचन स्थल और जलपा मढ़िया होते हुए शहर के मुख्य बाजारों से गुजरा। इस दौरान उप पुलिस अधीक्षक रत्नेश मिश्रा, यातायात थाना प्रभारी अनूप सिंह सहित पुलिस बल मौजूद रहा। अधिकारियों ने प्रतिमा पंडालों, सांस्कृतिक आयोजन स्थलों और भीड़भाड़ वाले बाजार परिसरों में जाकर व्यवस्थाओं को परखा।

अधिकारियों ने स्थानीय दुकानदारों व आम नागरिकों से संवाद कर सुरक्षा संबंधी जानकारी ली और संदिग्ध वस्तुओं की जांच की। पर्व के मद्देनजर सभी प्रमुख धार्मिक स्थलों, गरबा पांडालों और चौराहों पर फिक्स पॉइंट बनाकर पुलिस बल तैनात किया गया है। साथ ही मोबाइल पेट्रोलिंग पार्टियां लगातार शहर में गश्त कर रही हैं।

पुलिस ने नागरिकों से अपील की है कि वे त्योहार को आपसी सौहार्द और शांति के साथ मनाएं। पुलिस ने नागरिकों से सतर्क रहने और किसी भी संदिग्ध वस्तु या संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल नजदीकी पुलिस थाने या डायल-112 पर देने का आग्रह किया है।

मांगों एवं लंबित समस्याओं के शीघ्र निराकरण की मांग

11 सूत्रीय मांगों को लेकर राष्ट्रीय श्रमजीवी पत्रकार परिषद ने सीएम के नाम सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



पपत्रकारों की सुरक्षा, सम्मान और सामाजिक-आर्थिक संरक्षण को लेकर राष्ट्रीय श्रमजीवी पत्रकार परिषद की कटनी जिला इकाई ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नाम कलेक्टर आशीष तिवारी को 11 सूत्रीय मांग पत्र सौंपा। परिषद ने शासन से मांग की है कि पत्रकारों की लंबे समय से लंबित समस्याओं का त्वरित निराकरण करते हुए ठोस नीतियां लागू की जाएं।

परिषद के जिलाध्यक्ष गोपाल सिंघानिया ने बताया कि लोकतंत्र के चौथे स्तंभ के रूप में पत्रकार विषम परिस्थितियों में जनहित के मुद्दे उठाते हैं, लेकिन आज भी वे मूलभूत सुरक्षा, स्वास्थ्य और आर्थिक संरक्षण के अभाव से जूझ रहे हैं। संगठन ने शासन से इन मांगों पर संवेदनशीलता से विचार कर शीघ्र आदेश जारी करने का आग्रह किया है।

ये हैं प्रमुख 11 सूत्रीय मांगें

अधिमान्यता नियमों का सरलीकरण ग्रामीण व तहसील स्तर के पत्रकारों को अधिमान्यता मिले तथा अनुभव की अनिवार्यता 20 वर्ष से घटाकर 5 वर्ष की जाए। श्रद्धा निधि की आयु सीमा घटे पत्रकार श्रद्धा निधि की पात्रता आयु 62 वर्ष से घटाकर 50 वर्ष की जाए और वरिष्ठ व आर्थिक रूप से कमजोर पत्रकारों के लिए सम्मान पेंशन लागू हो। पत्रकारों पर हमले, धमकी और उत्पीड़न रोकने हेतु प्रदेश में कड़ा पत्रकार सुरक्षा कानून लागू हो। पत्रकारों और उनके परिजनों को कम से कम 8 लाख रुपये तक की कैशलेस चिकित्सा सुविधा मिले। असामयिक निधन अथवा गंभीर दुर्घटना पर आश्रित परिवार को न्यूनतम 10 लाख रुपये की आर्थिक मदद दी जाए। आवासीय कॉलोनी व जिला मुख्यालय पर पत्रकार भवनों का निर्माण और पत्रकारों के लिए आवासीय कॉलोनियां विकसित की जाएं। छोटे व मध्यम समाचार पत्रों के लिए निष्पक्ष एवं पारदर्शी विज्ञापन नीति बने। रियायती बैंक ऋण पत्रकारों और उनके परिवारों को आसान शर्तों व कम ब्याज पर बैंक ऋण उपलब्ध कराया जाए। मीडियाकर्मियों को रेल व बस यात्रा में विशेष रियायत तथा टोल टैक्स से छूट दी जाए। जिला एवं संभाग स्तर पर पत्रकार कल्याण व शिकायत निवारण समितियों का गठन कर प्रशासनिक अधिकारियों के साथ नियमित समीक्षा बैठकें हों। डिजिटल, प्रिंट और इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के साथ ग्रामीण पत्रकारों को प्रोत्साहन, संरक्षण और सम्मान देने हेतु एकीकृत नीति तैयार की जाए।

माता के दरबार में रोजाना आयोजित हो रहे धार्मिक कार्यक्रम

बजरंग धाम चाँदन में नवरात्रि पर हो रहे विविध आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बड़वारा





नवरात्र पर्व में मां दुर्गा की भक्ति आराधना में श्रद्धालु लीन नजर आ रहे हैं। मंदिरों सहित पंडालों में मातारानी की जय जयकार हो रही है। बड़वारा मुख्यालय के समीप स्थित चाँदन ग्राम में विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी आयोजक हरिप्रसाद पांडे (भोला महाराज) एवम समस्त श्रद्धालु ग्राम वासियों के सौजन्य से शारदेय नवरात्रि में बैठकी के दिन रविवार से मां जगदम्बा की भक्ति में ग्राम एवम आस पास के समस्त श्रद्धालुओं की माता रानी के दर्शनार्थ कतार लगी रहती है। मां भगवती की महा आरती प्रतिदिन शाम 08 बजे से प्रारम्भ होती है जिसमे भारी संख्या में महिलाएं एकत्रित होती हैं तथा माता रानी की आराधना करती हैं। यहां बिराजी माता रानी की प्रतिमा श्रद्धालु जनों के मध्य आकर्षण का केंद्र बनी है।

नवरात्रि पर्व के शुभारंभ के दिन से ही माता रानी के दर्शन के लिए दूरस्थ ग्रामों से भी श्रद्धालु भक्तों के आने का सिलसिला जारी है।कार्यक्रम के आयोजक पंडित हरिप्रसाद पांडे उर्फ भोला महाराज ने बताया कि कार्यकम स्थल माता रानी के दिव्य दरबार मे रोजाना संगीतमय महाआरती का गायन शक्ति की भक्ति मंडली के कलाकारों के द्वारा हारमोनियम, इलेक्ट्रिक गिटार की मधुर धुन के साथ किया जाता है।

18 अक्टूबर 2026 को मां जगदम्बा की विशेष आकर्षक झांकियां जीवंत रूप में सजाई जाएंगी जिसकी छवि मनमोहनी मनोहारी होगी। इसी दिन बाहर से आई देवी जागरण मंडली के द्वारा देवी जागरण का विशाल कार्यक्रम किया जाएगा। 19 अक्टूबर 2026 को कन्या भोज एवम विशाल भंडारा तथा महा प्रसाद का वितरण किया जाएगा।

युवक पर चाकू से हमला करने वाला गिरफ्तार, दूसरा फरार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

कोतवाली थाना अंतर्गत शेर चौक के पास 11 अक्टूबर को हुई चाकूबाजी की घटना में पुलिस मुख्य आरोपी को पकड़ लिया है। वारदात में प्रयुक्त चाकू भी बरामद कर लिया गया है, जबकि दूसरा फरार आरोपी की तलाश में पुलिस लगातार दबिश दे रही है।

गौरतलब है कि कुशवाहा नगर निवासी प्रार्थी संतोष साहू 28 वर्ष घर लौट रहा था तभी शेर चौक के पास स्कूटी सवार दो युवक वाहन को लापरवाहीपूर्वक लहराते हुए उनकी साइकिल के सामने से निकले। जब संतोष साहू ने उन्हें सावधानी से गाड़ी चलाने की समझाइश दी और कहा कि क्या गाड़ी सीधे ऊपर ही चढ़ा देंगे, तो इसी बात पर दोनों आरोपी आग बबूला हो गए। विवाद बढ़ने पर आरोपियों ने गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की नीयत से चाकू निकाल लिए। हमले के दौरान आरोपी अमन वर्मा ने संतोष की गर्दन पर वार करने का प्रयास किया, लेकिन संतोष के हट जाने से वह वार कंधे और गर्दन के बीच जा लगा। इसके बाद आरोपियों ने उनकी पीठ पर भी चाकू से वार कर दिया। मौके पर आसपास के लोगों के बीच-बचाव करने पर दोनों आरोपी फरार हो गए थे।

दूसरे की पतासाजी का प्रयास

कोतवाली पुलिस ने मुख्य आरोपी अमन वर्मा 19 वर्ष निवासी शिवनगर को गिरफ्तार कर लिया। दूसरा आरोपी अंश समुन्द्रे निवासी नदीपार घटना के बाद से फरार चल रहा है। पुलिस का कहना है कि फरार आरोपी को भी जल्द ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

रेत के अवैध परिवहन पर ट्रैक्टर-ट्रॉली किया जब्त

कटनी। अवैध रेत परिवहन के खिलाफ कार्रवाई करते हुए विजयराघवगढ़ पुलिस ने ग्राम भैंसवाही के आदिवासी मोहल्ले से रेत से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉली जब्त की है। रेत परिवहन से संबंधित वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किए जाने पर पुलिस ने बीएनएसएस एवं खान एवं खनिज अधिनियम के तहत कार्रवाई की। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार, 11 अक्टूबर को गश्त के दौरान पुलिस दल को ग्राम भैंसवाही में लाल रंग का महिंद्रा ट्रैक्टर क्रमांक एमपी 21 एबी 0406 रेत से भरी ट्रॉली के साथ मिला। पुलिस ने चालक से रेत परिवहन संबंधी दस्तावेज मांगे, लेकिन वह प्रस्तुत नहीं कर सका। इसके बाद पुलिस ने चालक संतोष आदिवासी (34), पिता स्वर्गीय कुसुम आदिवासी, निवासी भैंसवाही के कब्जे से ट्रैक्टर-ट्रॉली जब्त कर ली। वाहन का मालिक विनोद राय, निवासी भैंसवाही बताया गया है।

कार्यालय सहायक संचालक उद्यान,
जिला कटनी (म0प्र0) कलेक्ट्रेट भवन कमरा नं. 71

क्र. /उद्यान/भण्डार/2026-27/ 1206 कटनी, दिनांक - 13/10/2026

E-Mail: pohkatni@gmail.com

विज्ञप्ति/निविदा (वाहन किराये हेतु)

कार्यालयीन उपयोग हेतु बोलेरो न्यू/समकक्ष वाहन चालक एवं फ्यूल सहित वर्ष 2026-27 के लिये सील बंद निविदा आमंत्रित की जाती है। इच्छुक निविदाकर्ता, निविदा फार्म दिनांक 28.10.2026 को 02:00 बजे तक कार्यालय में जमा करेंगे। निविदा दिनांक 29.10.2026 को 03:00 बजे अपरान्ह खोली जावेगी। निविदाकर्ता - निविदा फार्म अनुबंध के नियम व शर्तें एवं कार्य का विवरण कार्यालय से कार्यालयीन समय में प्राप्त कर सकते है।

सहायक संचालक उद्यान, जिला कटनी (म.प्र.)

खबर संक्षेप

पूर्व सरपंच ने वर्तमान सरपंच, सचिव और ओवरसियर पर लगाया 1.85 लाख हड़पने का आरोप

छतरपुर। ग्राम पंचायत ऊजरा के अंतर्गत ग्राम पृथ्वीपुरा के पूर्व सरपंच धरमवीर अहिरवार ने वर्तमान सरपंच, सचिव और ओवरसियर पर सीसी रोड निर्माण की राशि गबन करने का गंभीर आरोप लगाया है। इस संबंध में उन्होंने छतरपुर कलेक्टर को शिकायती आवेदन सौंपकर बकाया राशि दिलाने की गुहार लगाई है। कलेक्टर को सौंपे आवेदन में पूर्व सरपंच धरमवीर अहिरवार ने बताया कि उन्होंने वर्ष 2020-21 के दौरान ग्राम पृथ्वीपुरा में 1,85,000 रुपये की लागत से सीसी रोड का निर्माण करवाया था। आचार संहिता लग जाने के कारण उस समय राशि का भुगतान नहीं हो सका था। आरोप है कि बाद में वर्तमान सरपंच रश्मि यादव, सचिव रामनारायण पटेल और ओवरसियर/इंजीनियर के.के. तिवारी ने आपस में मिलकर पूरी राशि निकाल ली। पीड़ित पूर्व सरपंच का आरोप है कि जब उन्होंने अपने निर्माण कार्य के पैसों की मांग की, तो उन्हें केवल 10,000 रुपये लेकर मामला रफा-दफा करने की बात कही गई। धरमवीर का कहना है कि उन्होंने मजदूर लगाकर काम करवाया था और अब मजदूर पैसों के लिए उन्हें परेशान कर रहे हैं। उन्होंने कलेक्टर से मांग की है कि मामले की निष्पक्ष जांच कराकर उनकी मेहनत की राशि दिलवाई जाए। कलेक्टर ने आवेदन को जिला पंचायत सीईओ की ओर अग्रेषित कर जांच का आश्वासन दिया है।

नवरात्रि पर चंदला थाना परिसर में विशाल कन्या भोज, भंडारे और सुंदरकांड का आयोजन

चंदला। नवरात्रि के पावन पर्व पर चंदला थाना परिसर में श्रद्धा और भक्तिभाव के साथ विशाल कन्या भोज, भंडारे एवं सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया गया। थाना प्रभारी उदयवीर सिंह के नेतृत्व में थाना स्टाफ और उनके सहयोगियों ने मिलकर इस धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन किया।

एक परिवार के तीन कनेक्शन होने का दावा, बिजली विभाग और पुलिस से कार्रवाई की मांग

सेमरा रामनगर के ट्रांसफार्मर पर कब्जे का आरोप, ग्रामीणों ने सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बटियागढ



तहसील क्षेत्र के ग्राम सेमरा रामनगर में घरेलू बिजली के ट्रांसफार्मर पर सगरोन निवासी तिलक सिंह राजपूत द्वारा कब्जा किए जाने का आरोप ग्रामीणों ने लगाया है। इस संबंध में ग्रामीणों ने कनिष्ठ अभियंता, बटियागढ़ और मगरोन थाना में आवेदन देकर ट्रांसफार्मर को कब्जा मुक्त कराने तथा नियम विरुद्ध कनेक्शनों की जांच की मांग की है। ग्रामीणों के अनुसार, वर्ष 2010 के आसपास राजीव गांधी ग्रामीण विद्युतीकरण मिशन के तहत यह ट्रांसफार्मर अहिरवार बस्ती की घरेलू बिजली आपूर्ति के लिए लगाया गया था। आरोप है कि इससे संबंधित परिवार के केवल तीन कनेक्शन संचालित हैं, जिनमें दो घरेलू और एक सिंचाई पंप का है। ग्रामीणों ने पंप कनेक्शन को निर्धारित पंप लाइन पर स्थानांतरित करने और सगरोन के निवासियों के कनेक्शन सगरोन के ट्रांसफार्मर से जोड़ने की मांग की है। ग्रामीण रूपेंद्र सिंह ने बताया कि आरटीआई से मिली जानकारी के अनुसार ट्रांसफार्मर सेमरा रामनगर की घरेलू बिजली आपूर्ति के लिए दर्ज है। उनका आरोप है कि ट्रांसफार्मर के पास अहिरवार बस्ती होने के बावजूद वहां के लोगों को इससे बिजली उपयोग नहीं करने दी जाती। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि ट्रांसफार्मर से करीब 400 से 500 मीटर दूर स्थित मकान तक नंगे तारों से बिजली पहुंचाई जा रही है। ग्रामीणों का कहना है कि गांव के दो अन्य ट्रांसफार्मर खराब होने के बावजूद संबंधित ट्रांसफार्मर की डीओ गिराकर बिजली आपूर्ति बंद कर दी गई। इस मामले में पहले भी बिजली विभाग, कलेक्टर और सीएम हेल्पलाइन पर शिकायतें की गईं, लेकिन समस्या का समाधान नहीं हुआ।

आवेदन पर शिवचरण अहिरवार, प्रकाश अहिरवार, रामसिंह रैकवार, खुमान सिंह, अरुण सिंह, तुलसीराम अहिरवार, विनोद, किशन रैकवार, रघुवर, धर्मेंद्र सिंह, सुनील सिंह सहित अन्य ग्रामीणों ने हस्ताक्षर कर कार्रवाई की मांग की है। ग्रामीणों ने ट्रांसफार्मर से संबंधित कनेक्शनों और बिजली आपूर्ति व्यवस्था की जांच कर समस्या का शीघ्र निराकरण करने की मांग की है।

बालिकाओं ने बाल विवाह रोकने और अधिकारों की रक्षा की ली शपथ

हरिभूमि न्यूज ⏭ दमोह



कस्तूरबा गांधी बालिका छात्रावास जबेरा में 12 अक्टूबर को अंतर्राष्ट्रीय बालिका दिवस के उपलक्ष्य में गरिमामय एवं प्रेरणादायक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में छात्रावास की बालिकाओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता करते हुए अपनी कला, नेतृत्व क्षमता और सामाजिक जागरूकता का परिचय दिया। कार्यक्रम छात्रावास अधीक्षिका सुलेखा अवस्थी की गरिमामयी उपस्थिति एवं मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। कार्यक्रम का मंच संचालन कुमारी सरस्वती यादव ने प्रभावशाली एवं आकर्षक ढंग से किया। कार्यक्रम के प्रमुख चरण में बालिका नंदिनी गौड़ ने नेतृत्व करते हुए छात्रावास की सभी बालिकाओं को बालिका अधिकारों की रक्षा, बाल विवाह की रोकथाम और समाज में व्याप्त भेदभाव को समाप्त करने की शपथ दिलाई। बालिकाओं ने संकल्प लिया कि वे अपने अधिकारों के प्रति जागरूक रहेंगी तथा बाल विवाह जैसी सामाजिक कुप्रथा को रोकने के लिए सक्रिय भूमिका निभाएंगी। छात्राओं ने बेटियों और बालिकाओं के साथ होने वाले हर प्रकार के भेदभाव को समाप्त करने तथा प्रत्येक घर में बेटियों को जन्म से ही प्यार, सम्मान और समान अधिकार दिलाने के लिए आवाज उठाने का संकल्प भी लिया। कार्यक्रम के अंत में सभी बालिकाओं ने देश के विकास में योगदान देने और भविष्य में सम्मानित, स्वावलंबी एवं सक्षम नागरिक बनने का दृढ़ निश्चय किया। इस आयोजन ने बालिकाओं में आत्मविश्वास, जागरूकता और सामाजिक जिम्मेदारी की भावना को मजबूत करने का संदेश दिया।

विकसित पंचायत एवं भारत विषय पर प्रशिक्षण आयोजित



दमोह। नर्मदा खंड सेवा संस्थान, गौ-अभ्यारण्य जरारूधाम में एमजीएसआईआरडी, जबलपुर द्वारा जनपद पंचायत बटियागढ़ की 22 ग्राम पंचायतों के सरपंचों, सचिवों, आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं एवं आशा कार्यकर्ताओं के लिए 'विकसित पंचायत एवं विकसित भारत' विषय पर एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्रशिक्षण के दौरान गरीबी मुक्त एवं उन्नत आजीविका वाली पंचायत, स्वस्थ पंचायत, बाल हितैषी पंचायत, जल पर्याप्तता वाली पंचायत, स्वच्छ एवं हरित पंचायत, आत्मनिर्भर बुनियादी ढाँचे वाली पंचायत, सामाजिक रूप से सुरक्षित पंचायत, सुशासन युक्त पंचायत तथा महिला हितैषी पंचायत सहित विकास के नौ प्रमुख विषयों पर विस्तारपूर्वक चर्चा की गई। कार्यक्रम में ग्रामीण आजीविका को बढ़ावा देने, स्वास्थ्य एवं पोषण सेवाओं में सुधार, जल संरक्षण, स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण, महिला सशक्तीकरण तथा पंचायतों में सुशासन को मजबूत बनाने पर विशेष जोर दिया गया। साथ ही, ग्राम पंचायतों को आत्मनिर्भर एवं विकसित बनाने में जनप्रतिनिधियों और मैदानी कार्यकर्ताओं की भूमिका पर प्रकाश डाला गया। प्रशिक्षण में जनपद पंचायत बटियागढ़ से बीपीओ देवी सिंह धुर्वे, जनपद पंचायत दमोह से विकासखंड समन्वयक (**RGSA**) अंजुल खरे, स्वच्छ भारत मिशन (**SBM**), दमोह से डॉ. नीतू छत्रानी तथा जनपद पंचायत बटियागढ़ से एडीओ (**ADO**) अखिलेश पटेल उपस्थित रहे।

पुलिस अधीक्षक ने जनसुनवाई में सुनीं लोगों की समस्याएं



दमोह। पुलिस अधीक्षक कार्यालय में आयोजित जनसुनवाई में एसपी आनंद कलादगि ने आमजन की समस्याएं गंभीरता से सुनीं। जिले के शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों से पहुंचे शिकायतकर्ताओं ने भूमि विवाद, पारिवारिक विवाद, आपसी रंजिश, वित्तीय धोखाधड़ी और लंबित पुलिस प्रकरणों से संबंधित आवेदन प्रस्तुत किए। एसपी ने आवेदकों की समस्याएं सुनते हुए निष्पक्ष जांच और प्रभावी कार्रवाई का भरोसा दिलाया। उन्होंने संबंधित थाना प्रभारियों और एसडीओपी को निर्देश दिए कि शिकायतों का विधिवत परीक्षण कर निर्धारित समय-सीमा में निराकरण सुनिश्चित करें, ताकि पीड़ितों को समय पर राहत मिल सके।

जनसुनवाई में 216 आवेदनों पर हुई सुनवाई



दमोह। कलेक्टर प्रताप नारायण यादव ने कलेक्टर कार्यालय के कक्ष क्रमांक 10 (व्यारमा) में आयोजित जनसुनवाई में जिले के दूरदराज क्षेत्रों से आये आवेदकों की समस्याओं को सुना। इस दौरान सामान्य जनसुनवाई में 216 आवेदनों पर सुनवाई करते हुये संबंधित अधिकारियों को समय-सीमा में निराकरण करने के निर्देश दिये। जनसुनवाई में 20 आधार अपडेशन एवं 80 लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। साथ ही जनसुनवाई के दौरान कुछ सामूहिक आवेदन भी दिए गए। इस दौरान सीईओ जिला पंचायत प्रवीण फुलपगारे, डिप्टी कलेक्टर ब्रजेश सिंह, डिप्टी कलेक्टर रचना प्रजापति, डिप्टी रानी अहिरवार, लोकसेवा प्रबंधक चक्रेश पटेल सहित अन्य अधिकारीगण मौजूद रहे।

सड़क सुरक्षा और मतदाता जागरूकता को लेकर विद्यार्थियों ने निकाली रैली

हरिभूमि न्यूज ⏭ तेंदूखेड़ा



सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत मंगलवार को शासकीय महाविद्यालय में सड़क सुरक्षा एवं मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य डॉ. अरुणेंद्र कुमार पटेल ने की। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में थाना प्रभारी सरोज सिह ठाकुर उपस्थित रहे।

कार्यक्रम के दौरान थाना प्रभारी श्रीमती ठाकुर एवं प्रधान आरक्षक बृजेश तिवारी ने छात्र-छात्राओं को सड़क सुरक्षा और यातायात नियमों की विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि वाहन चलाते समय हेलमेट का अनिवार्य रूप से उपयोग करें तथा यातायात नियमों का पालन करते हुए सड़क पर विशेष सावधानी बरतें। तेज गति, लापरवाही और यातायात नियमों की अनदेखी से होने वाली दुर्घटनाओं से बचने के लिए विद्यार्थियों को स्वयं जागरूक होने के साथ दूसरों को भी जागरूक करने का आह्वान किया गया। इसी क्रम में महाविद्यालय में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम भी आयोजित किया गया। डॉ. एनके निकोशे ने विद्यार्थियों को मतदान के महत्व से अवगत कराते हुए कहा कि मतदान प्रत्येक नागरिक का अधिकार एवं लोकतांत्रिक व्यवस्था में महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है। उन्होंने विद्यार्थियों को संवैधानिक मूल्यों और मतदान के अधिकार के प्रति जागरूक किया। इसके बाद महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा मतदाता जागरूकता रैली निकाली गई। विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए आमजन से मतदान करने की अपील की। रैली के दौरान "सारे काम छोड़ दो, सबसे पहले वोट दो" जैसे नारों से लोगों को मतदान के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम का मंच संचालन डॉ. सुनील गिरी ने किया। कार्यक्रम के सफल आयोजन में महाविद्यालय के समस्त स्टाफ का सराहनीय योगदान रहा।

विमुक्त एवं अर्द्धघुमंतु समुदायों के लिए विशेष शिविर 14 और 15 अक्टूबर को

दमोह। विमुक्त, घुमंतु एवं अर्द्धघुमंतु समुदायों के लोगों को शासकीय योजनाओं का लाभ दिलाने तथा जाति प्रमाण-पत्र सहित अन्य आवश्यक दस्तावेजों से संबंधित समस्याओं के निराकरण के लिए जिले में विशेष शिविर आयोजित किए जाएंगे। इस संबंध में पिछड़ावर्ग तथा अल्पसंख्यक कल्याण विभाग द्वारा संबंधितो को आवश्यक निर्देश जारी किए गए हैं। जारी पत्र के अनुसार, जनपद पंचायत बटियागढ़ के अंतर्गत 14 अक्टूबर 2026, बुधवार को प्रातः 11 बजे से शाम 4 बजे तक तथा दमोह नगर पालिका में 15 अक्टूबर 2026 गुरुवार को प्रातः 11 बजे से शाम 4 बजे तक शिविर आयोजित किए जाएंगे। शिविरों का उद्देश्य विमुक्त, घुमंतु एवं अर्द्धघुमंतु समुदायों के पात्र हितग्राहियों को विभिन्न विभागों की शासकीय योजनाओं से लाभान्वित करना है। इसके साथ ही जाति प्रमाण-पत्र, राशन कार्ड, आधार कार्ड/ पहचान पत्र सहित अन्य आवश्यक दस्तावेज तैयार कराने और इनसे जुड़ी समस्याओं का निराकरण सुनिश्चित किया जाएगा, ताकि समुदाय के लोगों को योजनाओं का लाभ प्राप्त करने में किसी प्रकार की परेशानी न हो। संबंधित विभागों के प्रमुखों को निर्देशित किया गया है कि वे शिविरों में उपस्थित रहकर अपनी विभागीय योजनाओं की जानकारी दें तथा अधिक से अधिक पात्र हितग्राहियों को लाभान्वित करने के लिए आवश्यक कार्रवाई करें।

'शक्ति पर्व' का आयोजन आज

दमोह। शक्ति की उपासना और आराधना के महापर्व 'शारदीय नवरात्रि' के पावन अवसर पर मध्यप्रदेश शासन, संस्कृशति विभाग द्वारा जिला प्रशासन - दमोह के सहयोग से 14 अक्टू बर, 2026 को 'शक्ति पर्व' का आयोजन किया जा रहा है। इस सुप्रतिष्ठित आयोजन में विविध कलाओं के माध्य म से प्रदेश एवं देश के सुविख्यापत कलाकार शक्ति के स्वटरूपों एवं उनसे जुड़ें आख्यानों पर केन्द्रित सांस्कृ तिक प्रस्तुहतियां देंगे। कार्यक्रम सायं 6:30 बजे से प्रारंभ होगा एवं प्रवेश निःशुल्का रहेगा। संचालक, संस्कृरति एन.पी. नामदेव ने बताया कि प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भव्यय एवं दिव्यर शक्ति पर्व का आयोजन किया जा रहा है। भारतीय संस्कृोति में निहित शक्ति के महत्व एवं महानता को अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचाना इस आयोजन का उद्देश्यि है। यह आयोजन मां बिजासन माता मंदिर प्रांगण - सलकनपुर (जिला - सीहोर), मां बिजासन माता मंदिर प्रांगण - सलकनपुर (जिला - सीहोर), मां भादवा माता मंदिर प्रांगण - नीमच, मां बगलामुखी माता मंदिर प्रांगण - नलखेड़ा (जिला - आगर मालवा), तहसील ग्राउण्डन - दमोह, दशहरा मैदान - रायसेन एवं मां शारदा देवी मंदिर प्रांगण- मैहर में होगा। तहसील ग्राउण्डे, दमोह में 14 अक्टूंबर, 2026 को सायं 6:30 बजे से 'शक्ति पर्व' का आयोजन किया जाएगा। इसमें पहली प्रस्तेुति लोक में भक्ति गायन की होगी, जिसे अभिलाष चौबे एवं साथी, सागर द्वारा प्रस्तु त किया जाएगा। इसके बाद 'शिव शक्ति' नृत्यह नाटिका की प्रस्तुीति होगी, इसे अखण्डग सुदर्पण जनकल्याागण समिति, खण्डोवा द्वारा प्रस्तु त किया जाएगा। अंत में महिमा पाण्डे य एवं साथी, भोपाल का भक्ति गायन होगा।

बीआरसीसी/एपीसी पदों के लिए परीक्षा 21 अक्टूबर को

दमोह। राज्य शिक्षा केन्द्र, भोपाल के निर्देशानुसार बीआरसीसी/एपीसी के रिक्त पदों एवं भविष्य में रिक्त होने वाले पदों की पूर्ति के लिए प्राप्त आवेदन पत्रों के परीक्षण के उपरांत पात्र अभ्यर्थियों की परीक्षा 21 अक्टूबर 2026 को आयोजित की जाएगी। परीक्षा शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय, दमोह में दोपहर 12 बजे से 3 बजे तक आयोजित होगी। जिला परियोजना समन्वयक ने जानकारी देते हुए बताया कि पात्र अभ्यर्थियों की सूची कार्यालय जिला शिक्षा केन्द्र, दमोह में चस्पा की गई है। सूची में शामिल पात्र अभ्यर्थियों को निर्धारित तिथि एवं समय पर शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय, दमोह में उपस्थित होने के निर्देश दिए गए है।

जिला खनिज प्रतिष्ठान मद (मंडल बोर्ड) की बैठक निरस्त

दमोह। जिला खनिज प्रतिष्ठान मद (मंडल बोर्ड) की बैठक 14 अक्टूबर, बुधवार को कलेक्टर कार्यालय सभाकक्ष में आयोजित की गई थी। अपरिहार्य कारणो से उक्त बैठक निरस्त की जाती है, आगामी बैठक की सूचना पृथक से जारी की जावेगी। उक्त आशय की जानकारी जिला पंचायत सीईओ प्रवीण फुलपगारे ने दी।

आतिशबाजी के अस्थायी लाइसेंस अब एम.पी. ई-सर्विस पोर्टल से होंगे जारी

दमोह। दीपावली पर्व 2026 के दौरान आतिशबाजी के कब्जे एवं विक्रय के लिए अस्थायी अनुज्ञप्ति (लाइसेंस) जारी करने की प्रक्रिया को सरल एवं ऑनलाइन बनाने के लिए नवीन व्यवस्था लागू की गई है। इसके तहत आवेदक एम.पी. ई-सर्विस पोर्टल services.mp.gov.in के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन कर सकेंगे। पोर्टल के माध्यम से प्राप्त आवेदन पत्रों की नियमानुसार जांच के बाद आतिशबाजी के कब्जे एवं विक्रय के लिए अस्थायी अनुज्ञप्ति जारी की जाएगी। शासन द्वारा जिले के समस्त अनुविभागीय दंडाधिकारियों (एसडीएम) के लिए पोर्टल पर आईडी एवं पासवर्ड की व्यवस्था पहले से उपलब्ध कराई गई है। संबंधित अधिकारी अपनी लॉगिन के माध्यम से भी लाइसेंस जारी कर सकेंगे। दीपावली पर्व 2026 के दौरान प्राप्त होने वाले ऑनलाइन आवेदनों पर अस्थायी अनुज्ञप्ति जारी करने के लिए जिले के संबंधित अनुविभागीय दंडाधिकारियों को अपने-अपने क्षेत्राधिकार में अधिकृत किया गया है। इस व्यवस्था से आतिशबाजी के अस्थायी लाइसेंस जारी करने की प्रक्रिया ऑनलाइन माध्यम से संपन्न होगी।

टीबी मुक्त भारत अभियान में जबेरा ब्लॉक बेहतर प्रदर्शन करेगा : डॉ. राहुल जैन



जबेरा। टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत जबेरा ब्लॉक में स्वास्थ्य विभाग की गतिविधियों की समीक्षा की गई। कलेक्टर प्रताप नारायण यादव के निर्देशन तथा मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. राकेश राय और जिला क्षय अधिकारी डॉ. गौरव जैन के मार्गदर्शन में जिला टीबी टीम ने सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारियों (सीएचओ) के कार्यों का आकलन किया।

समीक्षा बैठक में टीबी स्क्रीनिंग, डिफरेंशिएटेड टीबी केयर, टीपीटी और निक्षय मित्र सहित विभिन्न निर्धारित संकेतकों की समीक्षा की गई। सीबीएमओ डॉ. राहुल जैन, डीपीसी दीपक सिंह राजपूत, एसटीएलएस राजेश उपाध्याय, एसटीएस पथरिया भानु प्रताप सिंह लोधी तथा पिरामल हेल्थ के जिला समन्वयक लॉरेंस राय बोल ने स्वास्थ्य कर्मियों के कार्यों की जानकारी ली। बेहतर कार्य करने वाले सीएचओ को प्रोत्साहित किया गया, जबकि कमजोर प्रदर्शन करने वालों को प्रशिक्षण देकर 16 अक्टूबर तक निर्धारित संकेतकों में सुधार करने के निर्देश दिए गए। डॉ. राहुल जैन ने अभियान में बेहतर प्रदर्शन के लिए स्वास्थ्य कर्मियों से समन्वित प्रयास करने का आह्वान किया। कार्यक्रम में ब्लॉक एसटीएस अनार सिंह, एससीए देवेंद्र अहिरवार, माय भारत वालंटियर उमेश रजक सहित ब्लॉक का स्वास्थ्य अमला उपस्थित रहा।

आस्था का प्रतीक बना माता बड़ी खेरमाई मंदिर

हरिभूमि न्यूज ⏭ तेंदूखेड़ा





दमोह - जबलपुर मार्ग पर गौरैया नदी के पवित्र तट पर स्थित माता बड़ी खेरमाई मंदिर क्षेत्र की गहरी धार्मिक आस्था का प्रमुख केंद्र बना हुआ है। नगर सहित आसपास के गांवों से प्रतिदिन सैकड़ों श्रद्धालु माता के दर्शन और आराधना के लिए मंदिर पहुंचते हैं। विशेष रूप से सुबह और शाम के समय मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ रहती है।

श्रद्धालु माता के दरबार में पहुंचकर पूजा-अर्चना कर सुख-समृद्धि और मनोकामना की कामना करते हैं। गौरैया नदी के तट पर स्थित होने के कारण मंदिर का धार्मिक और प्राकृतिक वातावरण श्रद्धालुओं को विशेष आकर्षित करता है। मुख्य मार्ग से मंदिर आसानी से दिखाई देता है और रात्रि के समय रोशनी से जगमगाता मंदिर बेहद सुंदर और आकर्षक नजर आता है। मुख्य मार्ग से गुजरने वाले लोगों का ध्यान भी मंदिर की ओर आकर्षित होता है। धार्मिक वातावरण के साथ मंदिर का सुंदर स्वरूप नगर की पहचान में एक अलग छाप छोड़ता है।

लोकमान्यता से जुड़ा है इतिहास

मंदिर की स्थापना को लेकर क्षेत्र में प्रचलित लोकमान्यता के अनुसार प्राचीन समय में तेंदूखेड़ा नगर गौरैया नदी के किनारे बसा हुआ था। इसी स्थान पर एक विशाल तेंदू के वृक्ष के नीचे माता खेरमाई विराजमान थीं। श्रद्धालु इसी वृक्ष के नीचे माता की पूजा-अर्चना किया करते थे। मान्यता है कि इसी तेंदू वृक्ष के कारण क्षेत्र का नाम तेंदूखेड़ा पड़ा। समय के साथ क्षेत्र में फैली भीषण महामारी के चलते लोगों को नदी किनारे बसे मूल स्थान को छोड़कर वर्तमान स्थान पर बसना पड़ा। इसके बाद माता एक खुली जगह पर ब्राजी रही इसके बाद काफी बरसों बाद नगर में माता खेरमाई का नया मंदिर स्थापित किया गया। हालांकि मूल स्थल और वहां स्थापित प्राचीन प्रतिमा के प्रति श्रद्धालुओं की आस्था आज भी अटूट बनी हुई है। जनसहयोग से बदला मंदिर का स्वरूप

वर्ष 1975 के आसपास स्वर्गीय धर्मदास नामदेव सहित श्रद्धालुओं ने मूल स्थान पर छोटी मड़िया का निर्माण कराया। वर्ष 1995 में नागसेन बाबू के सहयोग से इसका जीर्णोद्धार हुआ। इसके बाद वर्ष 2011 में मंदिर को भव्य स्वरूप देने का संकल्प लिया गया। राजू नामदेव, गोपाल ठाकुर, चंद्रशेखर हजारी, राजेश शर्मा, संपति शुक्ला, जितेंद्र नामदेव सहित अन्य धर्मप्रेमी श्रद्धालुओं के सहयोग से मंदिर निर्माण का कार्य आगे बढ़ा। और बढ़ता ही गया।

लगातार होते रहते हैं विकास कार्य

मंदिर से जुड़े धर्मप्रेमी बंधु समय-समय पर यहां श्रद्धालुओं की सुविधा और मंदिर के सौंदर्यीकरण के लिए विभिन्न कार्य करवाते रहते हैं। जनसहयोग से मंदिर परिसर में लगातार सुविधाओं का विस्तार किया जा रहा है। मनोकामना पूर्ण होने पर श्रद्धालुओं द्वारा भंडारे और धार्मिक आयोजन भी किए जाते हैं। नवरात्र सहित अन्य धार्मिक पर्वों पर यहां विशेष पूजा-अर्चना होती है और बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचते हैं। आज माता बड़ी खेरमाई मंदिर केवल पूजा-अर्चना का स्थल नहीं, बल्कि तेंदूखेड़ा की धार्मिक, सामाजिक और सांस्कृतिक पहचान का महत्वपूर्ण केंद्र बन चुका है। सुबह की आरती से लेकर शाम की पूजा तक मंदिर परिसर में भक्तिमय वातावरण बना रहता है।

गैसाबाद में जगह-जगह विराजीं जगत जननी मां अंबे, मंदिरों में सुबह से उमड़े श्रद्धालु, आकर्षक झांकियां बनीं आकर्षण का केंद्र


श्री शक्ति माता दुर्गा उत्सव समिति गैसाबाद


गैसाबाद। श्री पिपरासर माता की मनमोहक छवि


श्री बंजारी माता दुर्गा उत्सव समिति गैसाबाद


श्रीचंडी माता दुर्गा उत्सव समिति, गैसाबाद


श्रीराम लाल दुर्गा उत्सव समिति गैसाबाद

गैसाबाद। शारदीय नवरात्र के पावन पर्व पर ग्राम में भक्तिमय माहौल बना हुआ है। विभिन्न दुर्गा उत्सव समितियों द्वारा जगह-जगह मां दुर्गा की प्रतिमाएं स्थापित कर आकर्षक साज-सज्जा की गई है। सुबह चार बजे से ही बड़ी देवी शीतला माता मंदिर और पिपरासन माता मंदिर में जलाभिषेक एवं पूजन के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ रही है। भक्त मां जगत जननी की आराधना कर सुख-समृद्धि की कामना कर रहे हैं। ग्राम में श्रीराम मंदिर परिसर में रामलला दुर्गा उत्सव समिति, बस स्टैंड पर श्री बंजारी माता दुर्गा उत्सव समिति, चंडी चौक पर श्री चंडी माता दुर्गा उत्सव समिति तथा मध्यांचल बैंक के पास श्री सत्ती माता दुर्गा उत्सव समिति द्वारा मां दुर्गा की प्रतिमाएं स्थापित की गई हैं। आकर्षक सजावट और मनमोहक झांकियां श्रद्धालुओं का ध्यान खींच रही हैं।

शारदेय नवरात्रि : चतुर्थ दिवस

सूक्ष्म में विराट का दर्शन ही माँ कूष्माण्डा की महिमा : श्री भगवान

सृष्टि का रहस्य केवल उसकी विशालता में नहीं, अपितु उस सूक्ष्म चेतना में निहित है, जो प्रत्येक कण को अस्तित्व प्रदान करती है। जिस प्रकार एक बीज के भीतर विशाल वृक्ष की संभावना छिपी रहती है, उसी प्रकार आदिशक्ति के सूक्ष्मतम स्वरूप में संपूर्ण ब्रह्माण्ड की सृजन-क्षमता समाहित है। माँ कूष्माण्डा इसी सृजनात्मक चेतना की अधिष्ठात्री हैं। भारतीय दर्शन में आत्मतत्त्व की महिमा का वर्णन करते हुए कहा गया है—अणोरणीयान् महतो महीयान्। अर्थात् आत्मतत्त्व अणु से भी सूक्ष्म और महान् से भी महान् है। यह भाव उपनिषदों में आत्मा की व्यापकता और सूक्ष्मता को अभिव्यक्त करता है। यहाँ सूक्ष्मता दुर्बलता नहीं, बल्कि उस मूल सत्ता का संकेत है, जिसमें विराट की संभावना विद्यमान है। माँ कूष्माण्डा का स्वरूप हमें सिखाता है कि सृजन के लिए बाहरी वैभव से अधिक महत्त्व अंतर्निहित ऊर्जा का है। एक छोटी-सी चिंगारी अग्नि को प्रकट कर सकती है, एक बीज विशाल वन का आधार बन सकता है और एक विचार मनुष्य के संपूर्ण जीवन की दिशा बदल सकता है। यही सूक्ष्म से विराट की यात्रा है।


श्री भगवान वेदांताचार्य
महंत, साकेत धाम दमोह

श्री भगवान वेदांताचार्य के अनुसार, शक्ति का वास्तविक बोध तभी होता है, जब मनुष्य बाहरी जगत की विविधता के साथ अपने भीतर विद्यमान चेतना को भी पहचानता है। जिस ऊर्जा से जीवन गतिशील है, जिस प्रज्ञा से विचार प्रकाशित होते हैं और जिस आत्मबोध से मनुष्य अपने अस्तित्व के व्यापक अर्थ को समझता है, उसी के चिंतन से आध्यात्मिक उन्नति का मार्ग प्रशस्त होता है।

माँ कूष्माण्डा की उपासना केवल अनुष्ठान नहीं, अपितु अपने भीतर की सृजनशीलता, प्रसन्नता और प्राणशक्ति को जाग्रत करने का आध्यात्मिक संकल्प भी है। उनका दिव्य स्वरूप यह संदेश देता है कि जीवन की वास्तविक समृद्धि बाहरी संग्रह में नहीं, बल्कि अंतःकरण की निर्मलता, विचारों की व्यापकता और कर्मों की कल्याणकारी भावना में निहित है।

मातृशक्ति का वैशिष्ट्य यह है कि वह सृजन के साथ पोषण और संरक्षण का भी विधान करती है। जिस प्रकार माता अपने स्नेह से संतान का विकास करती है, उसी प्रकार जगदम्बा की उपासना साधक के भीतर श्रद्धा, विवेक, धैर्य और आत्मविश्वास का विकास करती है। इस प्रकार माँ कूष्माण्डा का चतुर्थ स्वरूप हमें अणु में अनन्त की संभावना, चेतना में सृजन की शक्ति और मातृत्व में समस्त जगत के कल्याण का भाव देखने की दृष्टि प्रदान करता है। यही शक्ति-उपासना का दार्शनिक मर्म और जीवन को प्रकाशमान बनाने वाला आध्यात्मिक संदेश है।

पदीय कर्तव्यों में लापरवाही पर टाईगर रिजर्व का वनरक्षक निलंबित

दमोह। पदीय कर्तव्यों के निर्वहन में लापरवाही बरतने के मामले में पन्ना टाइगर रिजर्व प्रबंधन ने वनरक्षक रामपाल प्रजापति को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। यह कार्रवाई 12 अक्टूबर को किए गए निरीक्षण के बाद प्राप्त शिकायत एवं प्रतिवेदन के आधार पर की गई है। जारी आदेशानुसार, रामपाल प्रजापति मड़ियादो बफर परिक्षेत्र में वनरक्षक के पद पर पदस्थ हैं। अधीक्षक, केन घड़ियाल अभ्यारण्य खजुराहो ने अपने पत्र के माध्यम से प्रबंधन को अवगत कराया कि 12 अक्टूबर को बीट बर्धा के कक्ष क्रमांक आरएफ-65 का स्टाफ के साथ निरीक्षण किया गया था। निरीक्षण के दौरान वनरक्षक द्वारा पदीय कर्तव्यों के निर्वहन में लापरवाही किए जाने का मामला सामने आया। मामले को गंभीरता से लेते हुए पन्ना टाइगर रिजर्व के उप संचालक ने वनरक्षक के निलंबन के आदेश जारी किए। निलंबन अवधि के दौरान रामपाल प्रजापति का मुख्यालय केन घड़ियाल अभ्यारण्य, खजुराहो के परिक्षेत्र कार्यालय में निर्धारित किया गया है। इस अवधि में उन्हें नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ता देय होगा।

अनुराग वर्धन हजारी बने संभागीय दूरसंचार सलाहकार समिति के सदस्य

हटा। केंद्रीय संचार एवं पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्री श्रीमंत महाराज ज्योतिरादित्य सिंधिया जी द्वारा नगर की युवा भाजपा नेता भाजपा प्रदेश खेल प्रकोष्ठ के मीडिया प्रभारी कुंवर अनुराग वर्धन सिंह पूजल हजारी को केन्द्रीय संभागीय दूरसंचार सलाहकार समिति (TAC) का सदस्य मनोनीत किया गया। युवा नेता पूजल हजारी की इस उपलब्धि पर नगर में उनके प्रशंसकों में खुशी की लहर देखी गई। दमोह संसद राहुल सिंह लोधी, हटा विधायक उमादेवी खटीक, एवं जनप्रतिनिधियों व मित्रों ओर क्षेत्र के आम जनमानस ने उन्हें शुभकामनाएं प्रेषित की। साथ ही दीपक बडगैया (बाबा), सोनू मिश्रा, अर्पित ताम्रकार, राहुल असाटी, शैलेन्द्र राजपूत, बिटटू प्यासी, उमेश नामदेव, आयुष दुबे ने कहा कि केन्द्रीय मंत्री श्रीमंत ज्योतिरादित्य सिंधिया जी का यह स्नेह एवं विश्वास हम सभी के लिए गर्व और प्रेरणा का विषय है।



जातिवाद मिटाकर हिंदुओं से एकजुट होने का किया आह्वान, हिंदू समाज की बर्बादी का कारण जातिवाद- बागेश्वर धाम सरकार

हटा में गूंजा सनातन हिंदू एकता का संदेश, दद्दा कला मंच पर रात 3 बजे लगा दिव्य दरबार


हरिभूमि न्यूज ⏭ हटा



बागेश्वर धाम पीठाधीश्वर पूज्य पं. धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री की सनातन हिंदू एकता रथयात्रा उपकाशी हटा नगर की धरा पर सोमवार- मंगलवार की दरमियानी रात्रि निर्धारित समय से 7 घंटा देरी से रात्रि 2 बजे पहुंची लेकिन फिर भी श्रद्धालुओं में श्रद्धा और उत्साह का माहौल देखने को मिला। पन्ना नाका पर श्रद्धालुओं और सनातन धर्मावलंबियों ने पुष्पवर्षा कर पूज्य धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री का अभिनंदन किया। रथयात्रा के स्वागत को लेकर लोगों में विशेष उत्साह दिखाई दिया। इसके उपरांत बागेश्वर धाम सरकार पीठाधीश्वर पं. धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री बिना रेस्ट लिए कार्यक्रम स्थल दद्दा कला मंच पर पहुंचे जहां विधायक उमादेवी लालचंद खटीक हटा कार्यक्रम के आयोजक पुष्पेंद्र सिंह हजारी एवं अनुराग वर्धन हजारी सहित अन्य लोगों ने पुष्प माला से भव्य स्वागत कर मुदगर भेंट किया। स्वागत उपरांत महाराज जी ने विशाल जनसमुदाय को संबोधित करते हुए हिंदू एकता, नारी सम्मान, गौ रक्षा, नशामुक्ति, माता-पिता की सेवा और जातिवाद समाप्त करने का संदेश देते हुए दिव्य दरबार लगाकर लोगों की अर्जियां सुनकर उनकी समस्या का निदान किया।

पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री उपस्थित जन समूह को संबोधित करते हुए कहा कि बुंदेलखंड के जिलों में जातिवाद का जहर उगला जा रहा है इसलिए पांच जिलों में यह सनातन हिंदू एकता रथ यात्रा निकाली जा रही है, जब तक हिंदू एक-दूसरे से जुड़ना नहीं सीखेंगे, तब तक वास्तविक एकता स्थापित नहीं हो सकती। उन्होंने जातिवाद को समाप्त करने का आह्वान करते हुए कहा कि एक ईंट से घर नहीं बनता, लेकिन अनेक ईंटें मिलकर एक भव्य मकान बनाती हैं। इसी प्रकार समाज की सभी जातियों और वर्गों को एकजुट होकर रहना होगा। जब तक हिंदू एक नहीं होंगे, तब तक हिंदू राष्ट्र का संकल्प साकार नहीं हो सकेगा। उन्होंने कहा कि जब जब कोई हिंदू मुसीबत में होता है तो सभी हिंदुओं का दायित्व बनता है कि उसकी मदद करे, इसी भावना के साथ चलना है।

बागेश्वर धाम सरकार ने बेटियों को संबोधित करते हुए कहा कि बेटियों को दुर्गा बनना, काली बनना, लेकिन बुर्के वाली मत बनना। उन्होंने प्रेम संबंधों और सोशल मीडिया पर दिखाई देने वाली चमक-दमक को लेकर युवाओं को सचेत किया। उन्होंने गौ रक्षा के विषय पर उन्होंने गौ माता को राष्ट्र माता घोषित करने और गौ वध पर प्रतिबंध लगाने की बात कही।

नशे से दूर रहें, माता-पिता की सेवा का नशा करें-

उन्होंने बुंदेलखंड में नशे के कारण उजड़ते परिवारों का उल्लेख करते हुए युवाओं से नशे से दूर रहने की अपील करते हुए कहा कि नशे के दुष्परिणामों से सीख लेकर अपने जीवन को बर्बाद होने से बचाना चाहिए। यदि नशा करना ही है तो माता-पिता की सेवा का नशा करो। नवरात्रि पर्व का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि यदि जीवन को संवारना है तो माता-पिता की सेवा को अपने जीवन का मुख्य हिस्सा बना लें। परिवार की खुशहाली, संस्कारों की रक्षा और समाज की मजबूती के लिए नशामुक्त जीवन आवश्यक है।

दिव्य दरबार में लगीं अर्जियां-

उद्बोधन उपरांत देर रात करीब 3 बजे दद्दा कला मंच पर दिव्य दरबार लगाया गया। इसमें दूर-दराज से आए श्रद्धालुओं ने अपनी अर्जियां लगाईं। दिव्य दरबार के दौरान पर्चे के माध्यम से लोगों की समस्याओं का उल्लेख करते हुए उन्हें समाधान के लिए सुझाव दिए गए तथा सभी के मंगल होने की कामना की गई। इस अवसर पर देव श्री रामगोपाल जी सरकार मंदिर के महंत श्री श्यामदास जी महाराज, देव श्री बालाजी सरकार के महंत हरिदास जी महाराज सहित अनेक साधु-संतों की उपस्थिति रही।

भगवान गौरीशंकर के दर्शन कर आगे बढ़ी रथ यात्रा-

रथ यात्रा के तीसरे दिन मंगलवार को हटा से प्रस्थान करने से पूर्व बागेश्वर धाम सरकार रथ पर सवार होकर देव श्री गौरीशंकर मंदिर पहुंचे। यहां उन्होंने दूल्हा भेषधारी देवश्री गौरीशंकर भगवान के दर्शन किए और विधि-विधान से पूजन-अर्चन किया। इसके बाद रथ यात्रा पटेरा, हिंडोरिया होते हुए दमोह की ओर रवाना हुई। रथ यात्रा के प्रस्थान करते ही दमोह-पन्ना मुख्य मार्ग पर श्रद्धालुओं का हुजूम उमड़ पड़ा। लोगों ने जय श्रीराम और 'साधु जी सीताराम' के जयकारे लगाए। जगह-जगह पुष्पवर्षा कर रथ यात्रा का स्वागत किया गया। श्रद्धालु रथ यात्रा के साथ चलते हुए अपनी आस्था और उत्साह प्रकट करते नजर आए।

पुलिस और प्रशासन ने संभाली व्यवस्थाएं-

रथ यात्रा एवं नवरात्रि पर्व को देखते हुए पुलिस सागर रेंज के आईजी इरशाद वली तथा जिला पुलिस अधीक्षक आनंद कलादगी ने हटा पहुंचकर व्यवस्थाओं का जायजा लिया था। रथ यात्रा के आगमन से पूर्व सागर रेंज के डीआईजी शशिंद्र सिंह चौहान भी एसपी आनंद कलादगी के साथ हटा पहुंचे और पुलिस अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। हटा एसडीओपी केपी सिंह एवं पथरिया एसडीओपी प्रिया सिंधी के मार्गदर्शन में हटा थाना प्रभारी सुधीर कुमार बेगी, रजपुरा, मड़ियादो, रनेह थाना प्रभारी सहित पुलिस बल की टीमें तैनात रहीं। वहीं एसडीएम राकेश मरकाम, नायब तहसीलदार उमेश तिवारी तथा नगर पालिका सीएमओ राजेंद्र खरे सहित प्रशासनिक अमले ने भी व्यवस्थाओं को संभाला। पुलिस एवं प्रशासन की सतर्कता के चलते विशाल धार्मिक आयोजन शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ।

दमोह में उमड़ा श्रद्धालुओं का सैलाब



दमोह। बागेश्वर धाम के पीठाधीश्वर पं. धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री की सनातन हिंदू एकता रथयात्रा मंगलवार को दमोह पहुंची। रथयात्रा के स्वागत के लिए शहर में बड़ी संख्या में श्रद्धालु उमड़े। जगह-जगह फूल-मालाओं से उनका भव्य स्वागत किया गया।महाराज की एक झलक पाने के लिए लोग सड़कों पर एकत्रित हुए। तेज धूप के बावजूद श्रद्धालु उनके आगमन का इंतजार करते रहे। रथयात्रा के कार्यक्रम स्थल पर पहुंचते ही जय श्रीराम के जयकारे गूंज उठे। यहां संत-महात्माओं, जनप्रतिनिधियों और आयोजन समिति के सदस्यों ने उनका स्वागत किया।मंच से श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए पं. धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री ने सनातन हिंदू एकता का संदेश दिया। उनके आगमन को लेकर शहर में पहले से ही उत्साह का माहौल रहा।

पटेरा में बागेश्वर धाम की रथयात्रा का भव्य स्वागत



पटेरा। बागेश्वर धाम के पीठाधीश्वर पं. धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री की पांच दिवसीय रथयात्रा मंगलवार सुबह करीब 10 बजे पटेरा पहुंची। यात्रा के नगर में प्रवेश करते ही श्रद्धालुओं और नगरवासियों में उत्साह छा गया। जगह-जगह पुष्पवर्षा कर रथयात्रा का स्वागत किया गया। रथयात्रा के दौरान पूरा नगर 'जय श्रीराम' और 'जय बागेश्वर धाम' के जयकारों से गूंज उठा। युवाओं, महिलाओं, बच्चों और बुजुर्गों सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु महाराज के दर्शन के लिए पहुंचे। नगर में जगह-जगह भक्तिमय माहौल देखने को मिला। बताया गया कि पांच दिवसीय रथयात्रा 11 से 15 अक्टूबर तक आयोजित की जा रही है। पटेरा में यात्रा के आगमन को श्रद्धालुओं ने आस्था और भक्ति का विशेष अवसर बताया।

पंचायत मंत्री ने गरबा नृत्य आराधना का किया शुभारंभ



दमोह। प्रदेश के पंचायत एवं ग्रामीण विकास एवं श्रम मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल शिवनगर मंदिर कमेटी द्वारा स्थापित मां दुर्गा जी की आरती एवं गरबा नृत्य आराधना कार्यक्रम में शामिल हुये। पंचायत मंत्री श्री पटेल ने शिव मंदिर एवं देवी पंडाल में पहुंचकर पूजा अर्चन की और गरबा स्थल पर दीप प्रज्वलित कर गरबा नृत्य का शुभारंभ किया। पंचायत मंत्री श्री पटेल ने मंगल कामनाएं ज्ञापित करते हुए कहा यह अच्छी बात है कि यहां पर गरबा को इवेंट नहीं माता की आराधना नृत्य साधना, उपासना की जाती है। इस अवसर पर जनपद पंचायत अध्यक्ष श्रीमती प्रीति राजू ठाकुर,वरिष्ठ पत्रकार नरेंद्र दुबे, वरिष्ठ चिकित्सक डॉक्टर डी.एम.संगतानी, शिवचरण पटेल , नरेंद्र बजाज, सुशील गुप्ता टाइम्स कॉलेज, सर्वजीत सिंह , सुनील डबुल्या, रेशु सिंघई मौजूद थे। इस अवसर पर मंदिर कमेटी के आलोक गोस्वामी, वन कमेटी के अध्यक्ष संजय पाठक, सचिव महेंद्र राय, मंदिर के पुजारी पंडित अमित शास्त्री, रिंकू जैन, भरत समदड़िया, राजकुमार गुप्ता,सतीश असाटी, पूरन राय, प्रकाश राय, नितिन श्रीवास्तव,विद्याधर मिश्रा, संतोष गौतम, सपन साहू,राहुल दुआ, प्रकाश नायक द्वारा माता की चुनरी, श्रीफल माला पहनाकर सम्मान किया गया। शिवनगर की सभी मातृशक्ति मौजूद थे।

दमोह विस में विकास को मिलेगी नई गति, अभाना-रंजरा मार्ग पर बनेगा नया पुल

दमोह। दमोह विधानसभा क्षेत्र में आवागमन को सुगम, सुरक्षित और सुविधाजनक बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल की गई है। दमोह विधायक जयंत मलैया के प्रयासों से अभाना-रंजरा मुख्य मार्ग से पटी मार्ग पर स्थित क्षतिग्रस्त पुल के पुनर्निर्माण के लिए 487.42 लाख की निविदा जारी कर दी गई है। पुल के पुनर्निर्माण से क्षेत्र के नागरिकों को आवागमन में सुविधा मिलेगी और मार्ग पर सुरक्षित यातायात सुनिश्चित करने में मदद मिलेगी। निविदा प्रक्रिया पूर्ण होने के बाद निर्माण कार्य शीघ्र प्रारंभ किए जाने की योजना है। इस पहल को क्षेत्र में आधारभूत सुविधाओं के विस्तार और विकास की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। पुल का पुनर्निर्माण पूरा होने से स्थानीय लोगों को आवागमन में होने वाली परेशानियों से राहत मिलेगी।

पुरेनहाऊ और सुरई में मगरमच्छों की मौजूदगी से दहशत, एक का रेस्क्यू सफल, दूसरे की तलाश जारी

खेत में दिखाई दिया विशालकाय मगरमच्छ, वन विभाग की टीम रेस्क्यू ऑपरेशन में जुटी



जबेरा। जबेरा तहसील के ग्राम पुरेनहाऊ और सुरई के नालों में मगरमच्छों की मौजूदगी से ग्रामीणों में दहशत का माहौल है। पुरेनहाऊ गांव के पास स्थित तालाब में पिछले एक सप्ताह से अधिक समय से एक विशालकाय मगरमच्छ देखा जा रहा है। ग्रामीणों की सूचना पर वन विभाग की टीम लगातार उसे पकड़ने का प्रयास कर रही है, लेकिन मगरमच्छ के बार-बार जाल से बच निकलने के कारण अब तक उसका रेस्क्यू नहीं हो सका है। मंगलवार को मगरमच्छ तालाब से निकलकर पास के खेत में बैठा दिखाई दिया। इससे खेतों में काम कर रहे किसानों और आसपास के ग्रामीणों में हड़कंप मच गया। मगरमच्छ की मौजूदगी को देखते हुए लोग सतर्क हो गए हैं।

सुरई नाले से मगरमच्छ का सफल रेस्क्यू

इधर, ग्राम सुरई के पास स्थित नाले में भी एक मगरमच्छ होने की सूचना मिली। जानकारी मिलते ही सर्प मित्र छोटू पटेल और सूरज रैकवार मौके पर पहुंचे। दोनों ने सावधानीपूर्वक प्रयास करते हुए मगरमच्छ को जाल में पकड़ लिया और सुरक्षित रूप से वन विभाग की टीम को सौंप दिया। तेजगढ़ रेंजर अखिलेश चौरसिया के निर्देशन में वन विभाग की टीम पुरेनहाऊ तालाब में मौजूद दूसरे विशालकाय मगरमच्छ को पकड़ने के लिए लगातार प्रयास कर रही है। रेस्क्यू अभियान में चंद्र नारायण चौबे, विनोद कुमार साहू और झलकन साहू सहित वन विभाग के कर्मचारी जुटे हुए हैं। मगरमच्छ के आकार और उसके बार-बार जाल से बच निकलने के कारण रेस्क्यू में कठिनाई आ रही है। वन विभाग ने ग्रामीणों को तालाब और प्रभावित नालों के आसपास जाने से बचने की सलाह दी है। साथ ही किसानों से भी खेतों में जाते समय सतर्कता बरतने की अपील की गई है। फिलहाल पुरेनहाऊ में मगरमच्छ को सुरक्षित पकड़ने के लिए वन विभाग का रेस्क्यू अभियान जारी है।